वर्ष-10, अंक- 10, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुयये
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
आधुनिक समाचार
Adhunik Samachar
प्रयागराज , शनिवार 09 मार्च, 2024
प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में भारतीयों की तस्करी में शामिल नेटवर्क का भंडाफोड़

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक बड़े मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह रैकेट विदेश में नौकरी दिलाने की आड़ में भारतीयों को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में ले जाता था। सीबीआई सात शहरों में 10 से अधिक स्थानों पर छापेमारी कर रही है। तलाशी के दौरान कई लोगों को हिरासत



में लिया गया ह सीबीआई ने एक बड़े मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह रैकेट विदेश में नौकरी दिलाने की आड़ में भारतीयों को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में ले जाता था। सीबीआई सात शहरों में 10 से अधिक स्थानों पर छापेमारी कर रही है। तलाशी के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। दिल्ली तिरुअनंतपुरम मुंबई अंबाला चंडीगढ़ मदुरई और चेनन्ई में 10 से अधिक स्थानों पर कार्रवाई जारी है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली, तिरुअनंतपुरम, मुंबई, अंबाला, चंडीगढ़, मदुरई और चेनन्ई में 10 से अधिक स्थानों पर कार्रवाई जारी है। आकर्षक नौकरियों की आड़ में युवाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में काम पर भेजने के आरोप में विभिनन्न वीजा कंसल्टेंसी फर्मों और एजेंटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अब तक 50 लाख रुपये नकद के अलावा दस्तावेज, लैपटाप, मोबाइल, डेस्कटाप आदि इलेक्ट्रानिक रिकार्ड भी जब्त किए गए।

## एयरबस को भारत में नई पीढ़ी के एच160 हेलीकॉप्टर के लिए मिली डीजीसीए की मंजूरी चिकित्सा सेवाओं में हो सकता है इस्तेमाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एयरबस को भारत में नई पीढ़ी के अपने एच160 हेलीकॉप्टर के लिए विमानन नियामक डीजीसीए की मंजूरी मिल गई है। सिंगल-इंजन एच125 और डौफिन सहित एयरबस के 100 से अधिक हेलीकॉप्टर देश में विभिनन्न संस्थाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं एयरबस को भारत में नई पीढ़ी के अपने एच160 हेलीकाप्टर के लिए विमानन नियामक डीजीसीए की मंजूरी मिल गई है। एयरबस ने गुरुवार को कहा कि उसके एच160 हेलीकाप्टर को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने स्वीकृति पत्र दे दिया है। बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर एच160 का उपयोग आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं अपतटीय



परिवहन प्राइवेट और व्यावसायिक विमानन और सार्वजनिक सेवाओं सहित अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है एयरबस ने गुरुवार को कहा कि उसके एच160 हेलीकॉप्टर को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (उउर्ण) ने स्वीकृति पत्र दे दिया है। बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर एच160 का उपयोग आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं, अपतटीय परिवहन, प्राइवेट और व्यावसायिक विमानन और सार्वजनिक सेवाओं सहित अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है एयरबस हेलीकाप्टर इंडिया और साउथ एशिया के प्रमुख सनी गुगलानी ने कहा कि डीजीसीए की मंजूरी से भारत में दुनिया के सबसे आधुनिक हेलीकॉप्टर की शुरुआत का मार्ग प्रशस्त होगा। इसकी शुरुआत कारपोरेट ग्राहक से होगी। इसके बाद अन्य प्रकार के मिशनों में भी इसकी तैनाती हो सकती है।

## 'भू-राजनीतिक स्थितियों से भारत की चुनौतियां बढ़ीं', जनरल पांडे बोले- भविष्य में होंगे बर्बाद करने वाले अंतरिक्ष युद्ध

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल के वर्षों में विश्व की भू-राजनीतिक स्थितियों में अप्रत्याशित बदलाव आया है। अब देश अपने हितों के लिए ताकत का मनोज पांडे ने कहा कि हाल के वर्षों में विश्व की भू-राजनीतिक स्थितियों में अप्रत्याशित बदलाव आया है। अब देश अपने हितों के लिए ताकत का खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं।



खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। भारत सभी तरह की स्थितियों से निपटने के लिए तैयार है। यह बात थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में कही है थल सेनाध्यक्ष जनरल ऐसे में भारत के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में युद्ध में इस्तेमाल होने वाली आधुनिक तकनीक केवल शक्तिशाली देशों तक ही सीमित नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि विश्व में जो स्थितियां बन गई हैं उनमें अपने राजनीतिक और सैन्य लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए देश अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के विकल्प पर भी चर्चा कर रहे हैं। इस दौर में युद्ध के तरीके बदले हैं। लड़ाई साइबर, इलेक्ट्रो-मैगनेटिक स्पेक्ट्रम, सूचना और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी लड़ी जा रही है या उसकी आशंका बन रही है। भारतीय सेना युद्ध क्षेत्रों में हो रहे इन बदलावों को ध्यान में रखकर चल रही है जनरल पांडे ने कहा कि आज के समय में युद्ध में इस्तेमाल होने वाली आधुनिक तकनीक केवल शक्तिशाली देशों तक ही सीमित नहीं रह गई है, बल्कि उसे सशस्त्र संगठन भी उपयोग में ला रहे हैं। इसलिए मामूली बातों को लेकर हिंसक टकराव हो रहे हैं। भारत भी वर्षों से छद्म युद्ध का मुकाबला कर रहा है और हमारे सैनिक उसमें शामिल लोगों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। आने वाले समय में अंतरिक्ष में होने वाली लड़ाई बहुत जटिल होगी। यह ज्यादा घातक होगी और उससे भारी नुकसान होगा। उसके मद्देनजर भारत के लिए भी चुनौतियां बढ़ गई हैं।

## वायनाड से चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी सीईसी बैठक के बाद सचिन पायलट ने कही बड़ी बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में गुरुवार को संपनन्न हो गई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता सचिन पायलट ने सीईसी बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में अच्छी चर्चा हुई है। सब सीट पर चर्चा हुई है टिकट वितरण को लेकर चर्चा हुई है। हर पहलुओं में लोगों से राय



पार्टी पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (ण्ं) की बैठक में गुरुवार को संपनन्न हो गई। इस बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि जो भी निणन्य लिया जाएगा एआईसीसी इसकी जानकारी देगी। आज तो सभी राज्यों में टिकट बंटवारे को लेकर सीईसी में विस्तार से चर्चा हुई है। बता दें कि कांग्रेस सीईसी बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस मांगी गई है। स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य, राज्यों के प्रभारियों के साथ लंबी और अच्छी चर्चा हुई क्या राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ेंगे? इस सवाल पर सचिन पायलट ने कहा कि जो भी निणन्य लिया जाएगा एआईसीसी इसकी जानकारी देगी। आज तो सभी राज्यों में टिकट बंटवारे को लेकर सीईसी में विस्तार से चर्चा हुई है। वहीं, खुद के चुनाव लड़ने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि प्रवक्ता इस पर जवाब देंगे। वहीं, कांग्रेस नेता दीपक बाबरिया ने कहा कि सीईसी की अगली बैठक 11 अप्रैल को होगी।

## अमित शाह सहकारी डाटाबेस का कयिा लोकार्पण, समारोह में केंद्रीय मंत्रालयों के सचिव समेत राज्यों के प्रतिनिधि भी रहेंगे मौजूद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस का लोकार्पण एवं इसपर आधारित डाटाबेस वेब आधारित एक डिजिटल डैशबोर्ड है, जिसमें केंद्र एवं राज्यों की समितियों के आंकड़े एकत्र किए गए हैं इसमें विभिनन्न सेक्टरों की लगभग आठ लाख



रिपोर्ट का विमोचन करेंगे। इसे सहकारिता के आर्थिक माडल को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों, राष्ट्रीय संघों और हितधारकों के सौजन्य-सहयोग से तैयार किया गया है। यह केंद्र सरकार के मंत्रालयों, राज्यों एवं सहकारी समितियों के आपसी संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम साबित होगा समारोह में करीब 14 सौ प्रतिभागी भाग लेंगे, जिनमें केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के सचिव समेत राज्यों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। प्रतिभागियों को डाटाबेस के उपयोग की जानकारी देने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन होगा। सहकारी सहकारी समितियों के साथ ही उनकी 29 करोड़ से भी अधिक सूचनाओं की मैपिंग है, जिसमें पंजीकृत समितियों का संपर्क विवरण मिलेगा। इससे हितधारकों को आसानी होगी और सहकारिता के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी समितियों का विकास, आर्थिक-सामाजिक समस्याओं के समाधान, व्यक्तियों के सशक्तिकरण, गरीबी उन्मूलन में सहायक होगा। यह पहल जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है जो समृद्ध और 'आत्मनिर्भर' भारत की परिकल्पना के अनुरूप है।

## पांचवी पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट बनाएगा भारत, कैबिनेट ने 34 ध्रुव हेलीकॉप्टरों की खरीद को भी दी मंजूरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने पांचवी पीढ़ी के स्टेल्थ अत्याधुनिक मध्यम युद्धक विमानों के डिजायन एवं विकास की परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। समिति ने आठ हजार करोड़ रुपये की लागत से 34 ध्रुव हेलीकॉप्टरों की खरीद को भी मंजूरी दी है, जिनमें से 25 थलसेना को और नौ भारतीय तटरक्षक बल को मिलेंगे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने पांचवी पीढ़ी के स्टेल्थ अत्याधुनिक मध्यम युद्धक विमानों के डिजायन एवं विकास की परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि 15000 करोड़ की एएमसीए परियोजना के तहतकी वैमानिकी विकास एजेंसी



विभिन्न निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियों के साथ साझेदारी करके स्टेल्थ युद्धक विमान एवं उसकी तकनीक का विकास करेगी। सरकारी सूत्रों ने बताया कि 15,000 करोड़ रुपये की एएमसीए परियोजना के तहत रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की वैमानिकी विकास एजेंसी विभिन्न निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियों के साथ साझेदारी करके स्टेल्थ (जो रडार की पकड़ में न आएं) युद्धक विमान एवं उसकी तकनीक का विकास करेगी। लगभग पांच वर्षों में लगभग पांच प्रोटोटाइप का निर्माण किया जाएगा। इनका निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड समेत उद्योग जगत करेगा। उल्लेखनीय है कि सरकार लगातार स्वदेशी तकनीकों एवं सैन्य उद्योग के विकास की दिशा में काम कर रही है।

## 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जापान भारत का एक स्वाभाविक मित्र', जयशंकर ने चीन पर लगाया लिखित समझौते के उल्लंघन का आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक विस्तारवादी रवैये पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर निशाना साधा है और इसके साथ ही यह भी बताया है कि इस महासागरीय क्षेत्र में शांति, संपनन्ता व स्थिरता के लिए जापान भारत का एक स्वभाविक साझेदार देश है। जयशंकर अभी जापान की यात्रा पर है हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक विस्तारवादी रवैये पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर निशाना साधा है और इसके साथ ही यह भी बताया है कि इस महासागरीय क्षेत्र में शांति संपनन्ता व स्थिरता के लिए जापान भारत का एक स्वभाविक साझेदार देश है। गुरुवार को उन्होंने जापान के विदेश मंत्री कामीकावा योको के साथ भारत-जापान रणनीतिक वार्ता की अध्यक्षता की। गुरुवार को उन्होंने जापान के विदेश मंत्री कामीकावा योको के साथ भारत-जापान रणनीतिक वार्ता की अध्यक्षता की। इस वार्ता में बुलेट ट्रेन, सेमीकंडक्टर, वीजा प्रदान करने में सहूलियत देने समेत हिंद प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर भी काफी विस्तार से चर्चा हुई है। जयशंकर ने इस बैठक में कहा कि भारत और जापान हिंद प्रशांत क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण देश हैं और दोनों ही इस क्षेत्र की चुनौतियों के मद्देनजर अपना कर्तव्य का दायित्वपूर्ण तरीके से निभाने को तैयार हैं। इस बयान से कुछ ही घंटे पहले जयशंकर ने टोक्यो में आयोजित रायसीना डायलाग के तहत आयोजित कार्यक्रम में चीन पर सीधे तौर पर आरोप लगाया कि उसने भारत के साथ लिखित



समझौते का उल्लंघन किया, जिसकी वजह से पूर्वी लद्दाख के इलाके में दोनो देशों की सेनाओं के बीच खूनी झड़प हुई थी। जयशंकर ने रायसीना डायलाग के टोक्यो संस्करण को भी संबोधित किया, जिसमें हिंद प्रशांत क्षेत्र की स्थित पर विस्तार से अपने विचार रखे और चीन की तरफ निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवस्था आज पहले से ज्यादा अस्थिर है। वैश्विक समुदाय में आम राय बनाना पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। वैश्विक जोखिम भी बढ़ रहा है। यह यूरोप की स्थिति और एशिया में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का हो रहे उल्लंघन, मध्य पूर्व की स्थिति और हथियारों की होड़ से समझा जा सकता है। इस संदर्भ में जयशंकर ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार करने की मांग को सामने रखा। इस कार्यक्रम में ही एक प्रशन्न का जवाब देते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने चीन पर परोक्ष तौर पर आरोप लगाया कि उसकी तरफ से दोनों देशों के बीच पहले किये गये समझौते का पालन नहीं किये जाने की वजह से वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख इलाके में भारत व चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़पें हुई थी। जयशंकर ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थित शक्तियों में बड़ा बदलाव हुआ है। जब प्रभाव व महत्वाकांक्षाओं में बदलाव होता है तो इसका असर भी होता है व इसके रणनीतिक असर भी होते हैं। आप पसंद करें या नहीं करें लेकिन यह सच्चाई है और इस सच्चाई से निबटना होगा। दुर्भाग्य से पिछले एक दशक में चीन के साथ भारत का अनुभव ऐसा नहीं रहा कि जिससे यह कहा जाए कि चीजों को स्थिर रखने की कोशिश की गई हो। दो देश कई मुद्दों पर असहमत हो सकते हैं लेकिन जब कोई देश अपने पड़ोसी देश के साथ किये गये लिखित समझौते को नहीं मानता है तो यह रिश्तों की स्थिरता और देश की मानसिकता पर सवाल उठाता है। भारत व जापान के बीच हुई बैठक के बारे में सोशल मीडिया साइट एक्स पर जयशंकर ने जानकारी देते हुए लिखा कि विदेश मंत्री योको के साथ बहुत ही अच्छी वार्ता हुई है। हमारे द्विपक्षीय रिश्ते विभिनन्न क्षेत्रों में काफी तेजी से विकसित हो रहे हैं। हमने नई प्रौद्योगिकी समेत द्विपक्षीय रिश्तों को दूसरे नये क्षेत्रों में विस्तार पर बात की है। जयशंकर ने वर्ष 2023 को भारत-जापान के रिश्तों के लिहाज से ऐतिहासिक करार देते हुए बताया कि इस साल दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच तीन बार मुलाकात हुई है। वर्ष 2024 का साल भी काफी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इस साल हम रणनीतिक संबंध स्थापित करने का भी दसवीं वर्षगांठ मनाएंगे।

## बायोमेट्रिक डेटा का उपयोग कर घोस्ट फैकल्टी से निपटेगा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, जल्द पोर्टल भी करेगा लांच

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मेडिकल कालेजों में ''घोस्ट फैकल्टी'' की समस्या से निपटने, पारदर्शिता सुनिश्चित डा. श्रीनिवास के मुताबिक, आधार सक्षम बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली के डैशबोर्ड से डाटा का उपयोग करने से अधिक पारदर्शिता आएगी। इसके



करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) आधार सक्षम बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) पोर्टल के डाटा का उपयोग करेगा। निरीक्षकों को कॉलेज जाकर निरीक्षण नहीं करना पड़ेगा। जब शिक्षकों की मौजूदगी केवल कागजों में ही होती है उसे ''घोस्ट फैकल्टी'' कहते हैं। एनएमसी के सचिव डा. बी. श्रीनिवास ने गुरुवार को कहा कि पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे डाटा को सत्यापित करने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे की जांच करने के लिए आयोग द्वारा कुछ औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। अलावा एनएमसी पोर्टल भी लांच करेगा, जहां मेडिकल कालेज मूल्यांकन से संबंधित अपने अनुपालन के किसी भी निवारण के लिए आनलाइन अपील कर सकेंगे। हैकिंग से बचने के लिए संबंधित एजेंसियों से सुरक्षा मंजूरी लेने के बाद नया पोर्टल जल्द ही चालू हो जाएगा। एएनआइ के अनुसार राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने मेडिकल छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य संबंधी (अवसाद) मुद्दों से निपटने के लिए एंटी-रैगिंग कमेटी के तहत टास्क फोर्स का गठन किया है।

## ग्रामीण क्षेत्र के 75 प्रतिशत घरों में पहुंचा नल से जल कनेक्शन : गजेंद्र शेखावत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक लगभग 75 प्रतिशत घरों में नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। उन्होंने इसे एक बड़ी उपलब्धि दिशा में अथक प्रयास के लिए सभी राज्यों और टीम जल जीवन मिशन को बधाई देता हूं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सभी घरों में नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराना हमारी बड़ी उपलब्धि है। हमने हर घर जल की दिशा में



75 प्रतिशत का आंकड़ा पार कर लिया है। हर घरों में नल से जल उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में अथक प्रयास के लिए सभी राज्यों और टीम जल जीवन मिशन को बधाई देता हूं। धीरे-

बताते हुए लक्ष्य की दिशा में प्रयास करने के लिए सभी राज्यों को बधाई दी। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि सभी घरों में नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराना बड़ी उपलब्धि है। हमने हर घर जल की दिशा में 75 प्रतिशत का आंकड़ा पार कर लिया है। हर घरों में नल से जल उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की धीरे हम एक मजबूत, स्वस्थ भारत का निर्माण कर रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कुल 19,27,94,822 ग्रामीण घरों में से अब तक 14,46,57,889 को नल से जल कनेक्शन मिल चुका हैं। 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ग्रामीण इलाकों में 100 प्रतिशत कवरेज हासिल कर लिया है।

# द जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव को संगठित गिरोह ने ठगा,जानलेवा धमकी भी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** थाना प्रभारी/ चौकी प्रभारी पी डी ए कॉलोनी नैनी, प्रयागराज को दिये प्रार्थना पत्र में द जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव ने एक संगठित गिरोह से जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि मो0रिजवान पुत्र मो0 सज्जाद निवासी शाहजी का पूरा एडीए चौकी,थाना- नैनी, प्रयागराज ने


मो0रिजवान

संगठित गिरोह बना कर धोखे से एसोसिएशन का धन हड़पना लिया।जब उससे धन वापस मांगा गया तो पूरे परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी है। बता दें सचिव कि दीं जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत के सचिव के पद पर कार्यरत है।दिनांक 23- 05 -2023 की तहलते वक्त मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद सज्जाद निवासी शाहजी का पूरा ए डी ए चौकी थाना नैनी नैनी कोतवाली तहसील करछाना जनपद प्रयागराज से मुलाकात हुई।मुलाकात के दौरान रिजवान ने प्रार्थी को अपना परिचय मैसेज शाह कंट्रक्शन के मालिक एवं बड़ा निर्माण का ठेकेदार बताकर अपनी प्रभावशाली बातों में फंसा लिया और प्रार्थी के ऊपर प्रभाव दिखाने के लिए कई सभ्रान्त नागरिकों के साथ अपनी तस्वीर भी दिखाई।वर्तमान में संगठन की 7 बीघा भूमि खंड की बाउंड्री वालों का निर्माण कराया जाना था।रिजवान और उसके साथियों ने चिकनी चुपड़ी बातों में फंसा कर संगठन के भूखंड की बाउंड्री वॉल निर्माण के ठेके की एवज मे बतौर अग्रिम रुपए 375000 चेक एवं रुपए 15000 नगद कुल रुपया तीन लाख नब्बे हजार (390000/)एसोसिएशन के क्षेत्रीय कार्यालय एम 2ए 25 ए डी ए कॉलोनी नैनी प्रयागराज रिजवान व उसके साथियों के साथ एग्रीमेंट करने के उपरांत सचिव से ले लिया।नगद एवं चेक के कैश भुगतान प्राप्त होते ही रिजवान एवं उसके साथियों की नियत और तेवर बदल गए।संगठन के सदस्य द्वारा जब निर्माण करने की बात की जाती तो रिजवान वह उसके साथी किसी की मृत्यु या तबीयत खराब है या त्योहार इत्यादि का बहाना बना कर टाल देता। प्रार्थी उन लोगों पर आंख बंद करके विश्वास करता रहा परंतु रिजवान आदि लोग सिर्फ आश्वासन ही दे रहे थे जिसकी समस्त रिकॉर्डिंग प्रार्थी के मोबाइल पर सुरक्षित है। दिनांक 30-9-2023 को संगठन के सदस्य साचिन अली,अफजल व मोहम्मद इम्तियाज ने उसके घर पर मुलाकात न होने पर रिजवान व उसके साथियों से रास्ते में धनराशि वापस मांगी तो रिजवान ने सदस्यों ने गाली देते हुए कहा कि मेरी पहुंच बहुत ऊपर तक है। धनराशि को भूल जाओ अन्यथा तुम लोगों एवं तुम लोगों के परिवार के सदस्यों को जान से हाथ धोना पड़ेगा।तुम लोगों का चेहरा भी तुम्हारे घर वाले पहचान नहीं पाएंगे।भयवश सदस्यों ने हट जाना ही उचित समझा। इस गिरोह की धमकी से पत्रकार का परिवार दहशत में है। एक ओर सरकार और न्यायालय पत्रकारों को धमकाने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की बात करती है।दूसरी ओर पत्रकारों को धमकाने वाले खुलेआम घूम रहे हैं।

# सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी कतार लगी रही

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि पर यमुना तट पर स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर सहित सोमेश्वर महादेव, हनुमत निकेतन, पडिला



महादेव सहित । हर-हर महादेव के उद्‌षोष से वातावरण शिवमय हो गया है। देवाधिदेव महादेव की अराधना के महापर्व महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। भोर से ही हर हर महादेव और बोल बम के उद्‌षोष के साथ श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में पहुंचकर भूतभावन भगवान शिव का जलाभिषेक कर गंगा जल, बेलपत्र, भस्म, पुष्प और नैवेद्य अर्पण किया। साथ ही धतूरा, मदार, भांग, दूध, बेर, केला, ईख, आम का बौर आदि का भोग लगाते हुए मंगलमय जीवन की कामना की यमुना तट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर, फाफामऊ के पडि़ला महादेव, अरैल के सोमेश्वर महादेव सहित प्रमुख शिव मंदिरों में लंबी कतार लगी रही। सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन शिव मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना की। भोले नाथ का पूजन करने के लिए लोग घंटों कतार में खड़े रहे।

# यू. पी पोस्टल को-ऑपरेटिव बैंक के चुनाव मे राजेश वर्मा लगातार चौथी बार विजयी हुये



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** दिनांक 24-1-2024 उत्तर प्रदेश पोस्टल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड प्रयागराज शाखा का चुनाव प्रधान डाकघर प्रयागराज मे हुआ जिसमें कुल चार प्रतिनिधि चुने जाने थे जिसमे 342 मत पड़े उसमे श्री राजेश वर्मा सबसे अधिक 246 मत एवं श्री पवन कुमार गौतम 173 एवं श्री शेर बहादुर पटेल 173 एवं श्री आशीष दिर्वेदी 167 मत पाकर विजयी हुये, चुनाव अधिकारी श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीनियर पोस्ट मास्टर प्रधान डाकघर प्रयागराज ने विजेता को प्रमाणपत्र वितरित किया, श्री राजेश वर्मा लगातार चौथी बार विजयी हुये है उनके विजयी होने पर सभी कर्मचारीयों मे उत्सव है सभी ने बधाई दिया।

# अखिलेश यादव ने चुनावी समीकरणों को भी साधा, भावुक शिवम से कहा- यार आज खुशी का दिन, चेहरे पर मुस्कुराहट लाओ


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने सपा की चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने फूलपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी के नाम का एलान भी जल्द करने की बात कही। अखिलेश यादव ने प्रयागराज में पार्टी नेताओं से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से भी चुनाव तैयारियों के बारे में पूछा। फूलपुर लोकसभा चुनाव से पार्टी प्रत्याशी के नाम का एलान भी जल्द करने की बात कही।दोपहर में चार्टड प्लेन से अखिलेश दिल्ली से प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उनका गंगापार अध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह आदि नेताओं ने स्वागत किया। हवाई अड्डे पर आगमन से लेकर रास्ते भर चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ अखिलेश केपी कम्युनिटी सेंटर




पहुंचे। इस दौरान पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों ने उनका जगह-जगह स्वागत किया। केके श्रीवास्तव के पुत्र शिवम और पुत्रवधु नेहा को आशीर्वाद देने के बाद अखिलेश झूंसी के क्रिया योग संस्थान में पहुंचे। उसके बाद हवेलिया निवासी डॉ. जेपी यादव के घर भी गए। वहां उनकी पुत्री एवं राकेश यादव एडवोकेट के पुत्र को शादी के उपरांत आशीर्वाद दिया। वहां से वह जार्जटाउन स्थित सपा नेता संदीप यादव के आवास पर पहुंचे। वहां थोड़ा जलपान करने के बाद अखिलेश कटरा स्थित सपा नेता इमरान उल्ला के घर गए। इसके बाद वह एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। इस दौरान यमुनापार अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद, विधायक विजमा यादव, गीता शस्त्री, हाकिम लाल बिंद, संदीप पटेल, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, पूर्व विधायक जोखू लाल यादव, बासुदेव यादव, अंसार अहमद, हाजी परवेज अहमद, सत्यवीर मुनन, मंजू यादव, दान बहादुर मधुर रहे। अखिलेश से फूलपुर लोकसभा सीट से टिकट की चाह रहे तमाम दावेदारों ने भी मुलाकात की। उन सभी का उन्होंने मुस्कुराकर अभिवादन किया।अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता केके श्रीवास्तव के पुत्र शिवम और पुत्रवधू नेहा को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान शिवम भावुक हुए। उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन पीछे सपा प्रमुख अखिलेश यादव आशीर्वाद देने के लिए खड़े हैं। शिवम को भावुक देख अखिलेश ने कहा, यार आज खुशी का दिन है, चेहरे पर मुस्कुराहट लाओ। अखिलेश ने कहा, आपके पिता मेरे पिता तुल्य समान है वह आज से नहीं, बल्कि नेताजी के समय से सपा के कर्मठ सिपाही का दायित्व निभा रहे हैं। शिवम की पतनी नेहा से बताया कि वह लखनऊ की ही रहने वाली हैं।

# महाशिवरात्रि पर डी ब्लॉक पी डी ए कॉलोनी में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** पी डी ए कॉलोनी में गंगेश्वर महादेव मंदिर डी ब्लॉक में छठवें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे में लगभग 6000 शिवभक्तो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । पी डी ए की शुरुआत से बने इस मंदिर में हर साल शिवरात्रि में भक्तों का ताँता लगा रहता है।मंदिर में होने वाले हर साल के इस आयोजन में समस्त क्षेत्र वासियों का अमूल्य योगदान रहता है ।कई दिनों पहले से कार्यक्रम के आयोजन को सुचारू रूप से चलाने के विशाल कमेटी का गठन होता है ।मुख्य रूप से कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था गंगेश्वर चतुर्वेदी,आलोक सिंह(बाबा), विपिन सिंह,श्रीकान्त शाह , सुधांशु शर्मा,दीप कुमार,विश्वप्रकाश रॉय, कन्हैया,शुभम, आशीष सिंह ,आयुष, अजीत शर्मा, राजन श्रीवास्तव,पप्पू,शुभम् शर्मा, प्रदीप जायसवाल,रवींद्र विश्वकर्मा,नीरज सिंह,अलंकार, अजीत यादव ,रवि केशरवानी ,राजू अरोड़ा,दीपक शर्मा, गोपाल, बलबीर सिंह , प्रदीप सिंह ,प्रशांत सिंह, मितुल शर्मा,संजय शुक्ला, विजय चौहान, अजय चौहान,कारण पांडेय, विनोद तिवारी,वीरेंद्र केशरवानी,मयंक मेडिकल, अनमोल ज्वेलर्स,असित साहा,ज्ञान मिश्रा,मनीष सिंह एवं समस्त भक्तगण ने किया ।







# पीएम मोदी काशी में करेंगे सबसे बड़ा रोड शो, 28 किलोमीटर तक होगी पुष्पवर्षा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**काशी ।** भाजपा से वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार उम्मीदवार बनाए जाने के बाद काशी आ रहे पीएम मोदी का भव्य स्वागत की तैयारी है। इसी क्रम में नौ मार्च को पीएम के सड़क मार्ग रूट पर भाजपा ने स्वागत के लिए 16 प्वाइंट बनाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनने के बाद नौ मार्च को सबसे बड़ा रोड शो करेंगे। पीएम मोदी पर बाबतपुर से बरेका तक 28 किलोमीटर लंबे रूट पर पुष्पवर्षा होगी। खास बात यह है कि पीएम मोदी अपनी कार के रूफटॉप से बाहर आकर लोगों का अभिवादन भी करेंगे। भाजपा ने पीएम मोदी के भव्य स्वागत के लिए पीएम मोदी के सड़क मार्ग रूट पर स्वागत के लिए 16 प्वाइंट भी बनाए हैं। एक पखवारे में ही दूसरी बार वाराणसी आ रहे पीएम मोदी 22 फरवरी को भी सड़क मार्ग से ही एयरपोर्ट से बरेका गए थे। मगर, उस यात्रा में पीएम मोदी ने कार के अंदर से ही अभिवादन स्वीकार करते हुए हाथ हिलाया था। नौ



मार्च की रात में करीब साढ़े नौ बजे पीएम मोदी बाबतपुर एयरपोर्ट से चलेंगे तो पीएम कई जगहों पर कार से बाहर आकर भी लोगों का अभिवादन करेंगे। पीएम मोदी के भव्य स्वागत के लिए बाबतपुर एयरपोर्ट, हरहुआ चौराहा, शिवपुर चौराहा, अर्दली बाजार, कचहरी चौराहा, लहरतारा चौराहे से आगे, मंडुवाडीह चौराहा, बीएलडब्लूयू गेट पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर पीएम का स्वागत करेंगे। इसके साथ ही इन जगहों पर मंत्रोच्चार के लिए बटुक, डमरू दल और कलाकार उपस्थित रहेंगे। बीएलडब्लूयू में पीएम मोदी से मुलाकात करने वाले पार्टी पदाधिकारियों की सूची को शुक्रवार को अंतिम रूप दिया जाएगा। पीएम मोदी पश्चिम बंगाल से नौ मार्च की रात काशी पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन सुबह बीएलडब्लूयू हेलिपैड से आजमगढ़ में जनसभा के लिए रवाना हो जाएंगे।

## अभ्युदय' कार्यक्रम का आगाज, ईडीएम नाइट से संगीतभरी रही रात- छात्र-छात्राओं ने जमकर की मस्ती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में कला, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'अभ्युदय-24' का बृहस्पतिवार को शुभारंभ हो



गया। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने तीन दिवसीय इस समारोह का शुभारंभ किया। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में कला, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'अभ्युदय-24' का बृहस्पतिवार को शुभारंभ हो गया। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने तीन दिवसीय इस समारोह का शुभारंभ किया।

## काशी विश्वनाथ धाम में 7 लाख के करीब भक्तों ने किए दर्शन, तस्वीरों में देखें झलकियां

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**काशी ।** शिवभक्तों की आस्था के सबसे बड़े उत्सव महाशिवरात्रि पर काशी में बाबा विश्वनाथ दरबार में हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे। विश्वनाथ धाम में लाखों भक्तों की कतार लगी है। भोर से ही भक्त बाबा के दर्शन को आतुर दिख रहे हैं। सुबह 4 बजे से लेकर 11 बजे तक पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान दर्शनाथिर्यों पर फूल भी बरसाए गए।दर्शनाथिर्यों की सुविधा के लिए परिसर में चारों ओर बैरिकेडिंग की गई है। जगह-जगह स्थानों पर पेयजल चिकित्सा की टीमें तैनात हैं। महाशिवरात्रि



का पर्व श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस पर्व पर देश विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा के दरबार में पहुंच रहे हैं। भक्तों ने भोर से ही बाबा का जलाभिषेक कर जीवन मंगल की कामना की। महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा दरबार में बाबा श्री काशी विश्वनाथ की एक झलक पाने के लिए दर्शनार्थी गुरुवार की शाम से ही कतार बद्ध होकर सभी प्रवेश द्वारों पर इंतजार करने लगे। मंगला आरती के पश्चात जैसे ही भोर में 4 बजे बाबा का पट आम दर्शनाथिर्यों के लिए खुला सभी श्रद्धालु हर हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाते हुए बाबा दरबार में पहुंचे और जलाभिषेक कर जीवन मंगल कामना की। इस वर्ष महाशिवरात्रि के बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन के लिए लगभग 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में दर्शन के लिए बहुत अधिक भीड़ देखने को मिल रही है। महाशिवरात्रि के अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवभक्त भगवान शिव और माता गौरा के विवाह के साक्षी बनेंगे। पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी का आवास जनवासा बनेगा तो श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का गर्भगृह मंडप में तब्दील हो जाएगा। शिवयोग, सर्वार्थ सिद्धि, सिद्धि योग और शुक्र प्रदोष के संयोग में महाशिवरात्रि का महापर्व मनेगा। भगवान शिव और मां गौरा के विवाहोत्सव के आयोजन होंगे। सोनार पुरा स्थित तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। इस दौरान भोले के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ समेत वाराणसी के सभी शिव मंदिरों में भक्तों का रेला लगा है।

# वेडिंग कार्ड का बहाना रास्ते में इंतजार में थे हमलावर; शीशा खोलते ही बरसाई दनादन गोलियां

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**जौनपुर।** जौनपुर में भाजपा के जिला महामंत्री की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो बाइक




पर सवार तीन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। भागते समय गिर जाने पर एक बदमाश बाइक छोड़कर फरार हो गया।उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के थाना सिकरारा क्षेत्र के बोधापुर गांव में गुरुवार की सुबह 10 बजे दो बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने कार्ड देने के बहाने रोककर कार सवार भाजपा के जिला महामंत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। उनको कुछ छह गोलियां मारी गई हैं।भागते समय गिर जाने पर एक बदमाश बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक कब्जे में ले ली है। सूचना मिलते ही एसपी डॉ.अजयपाल शर्मा मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। भाजपा के जिला महामंत्री प्रमोद यादव रोज की तरह सुबह करीब 10 बजे घर से निकल कर कार से पार्टी कार्यालय जाने के लिए सीठापुर संपर्क मार्ग तिराहे जा रहे थे। संपर्क मार्ग पार कर जैसे ही बोधापुर के मुख्य मार्ग पर पहुंचे, बदमाशों ने शादी का कार्ड देने के बहाने घटना को अंजाम दिया और फरार हो ग प्रमोद यादव भाजपा के जिला महामंत्री थे। बृहस्पतिवार को सुबह वे रोज की तरह ही तैयार होकर अपनी कार से जिले के भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में शामिल होने जा रहे थे। घर पर बताया कि जौनपुर जा रहे हैं। घर से निकले और खुद से गाड़ी चलाते हुए करीब एक किलोमीटर दूर पर स्थित जौनपुर-प्रयागराज मुख्य मार्ग पर पहुंचे ही थे कि दो बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोका और अभिवादन कर शादी का कार्ड दिखाया।कार्ड लेने के लिए प्रमोद ने गाड़ी रोकी और शीशा नीचे किया। तभी एक बदमाश ने कार्ड ऊपर रख कर नीचे से पिस्टल निकाली और ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। प्रमोद लहुलुहान हो गए। यह देख बदमाश हड़बड़ी में भागने लगे। घटनास्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित शिवगुलामगंज संपर्क मार्ग की तरफ मुड़ गए। आधा किलोमीटर चल कर सब्बेपुर स्थित एक शराब की दुकान के पास सड़क खराब होने के कारण गिर पड़े। वहां खड़े लोगों ने जब इन्हें उठाने का प्रयास किया तभी एक बदमाश की कमर में रखा शादी कार्ड और पिस्टल सड़क पर गिर गया। बदमाश ने तत्काल दोनों को उठाया और सामने से बचाने आ रहे लोगों पर पिस्टल तान दी। इसे देख लोग डर गए और पीछे हट गए। मौका देख एक बदमाश ने अपनी गाड़ी छोड़ दी और अपने साथियों संग एक ही बाइक पर बैठक कर बेल्छा गांव की ओर फरार हो गए।प्रमोद यादव को गोली मारने के बाद जैसे ही बदमाश भागे, वहां मौजूद कुछ लोग प्रमोद को बचाने में लग गए वहीं कुछ लोग अपनी बाइक से बदमाशों के पीछे भागे। सब्बेपुर से बेल्छा की ओर भागे बदमाशों के पीछे भी लोग काफी दूर तक गए। इस दौरान पुलिस भी सक्रिय हो गई थी। बोधापुर और बेल्छा गांव के कुछ लोगों के सहयोग से पुलिस ने कुछ लोगों हिरासत में लिया है। सब्बेपुर स्थित शराब की दुकान के पास जब एक बदमाश बाइक से गिरा तो दुकान पर मौजूद श्याम बहादुर सबसे पहले उसे उठाने दौड़ा। उठाते समय ही बदमाश की कमर से पिस्टल और शादी का कार्ड गिरा। श्याम बहादुर ने बताया कि जब तक उसे कुछ समझ आता बदमाश ने पिस्टल उठाई और उसके माथे पर लगा दी।






# पांच साल, लोकसभा के 15 सत्र उपस्थिति महज 3 दिन एक दिन भी अपने संसदीय क्षेत्र न आए घोसी सांसद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**घोसी ।** पूर्वांचल के घोसी लोकसभा से सांसद अतुल राय के नाम अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। वह सांसद चुने जाने के बाद एक दिन भी अपने संसदीय क्षेत्र में नहीं गए। इसके अलावा अतुल राय देश भर में इकलौते ऐसे सांसद हैं जो 17वीं लोकसभा के पांच साल के 15 सत्रों में महज तीन दिन ही संसद में पहुंचे। पूर्वांचल के जिले अपने नेताओं



की वजह से समय-समय पर प्रदेश और देश भर में सुखिर्यों में रहते हैं। गत छह मार्च को जौनपुर के पूर्व बसपा सांसद धनंजय सिंह को रंगदारी और अपहरण के मामले में अदालत ने सात वर्ष के कठोर कारावास और डेढ़ लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं, घोसी के मौजूदा बसपा सांसद अतुल राय देश भर में इकलौते ऐसे सांसद हैं जो 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष के 15 सत्रों में महज तीन दिन ही संसद में अपनी उपस्थिति दर्ज करा पाए। इसके साथ ही अतुल राय के नाम यह अनचाहा रिकॉर्ड भी है कि वह जबसे सांसद चुने गए हैं, तबसे अब तक अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच एक दिन भी नहीं गुजार पाए। गाजीपुर जिले के वीरपुर गांव के मूल निवासी अतुल राय वर्ष 2019 में घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से बसपा से सांसद चुने गए थे। मतदान और चुनाव परिणाम आने से पहले ही अतुल राय के खिलाफ एक मई 2019 को वाराणसी के लंका थाने में दुष्कर्म सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया था चुनाव परिणाम घोषित हुआ और अतुल राय ने जिला अदालत से लेकर उच्चतम न्यायालय तक भागदौड़ की, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। लिहाजा, 22 जून 2019 को उन्होंने वाराणसी के सिविल कोर्ट में समर्पण कर दिया। उसके बाद से लेकर गत जनवरी माह तक अतुल जेल की सलाखों के पीछे ही रहे। 29 जनवरी 2024 को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अतुल राय को मेडिकल आधार पर 22 मार्च तक अंतरिम जमानत पर रिहा किया है। साथ में यह शर्त भी लगाई है कि वह किसी पब्लिक मीटिंग या रैली में नहीं शामिल होंगे।संसद की वेबसाइट के अनुसार सांसद अतुल राय 17वीं लोकसभा के तीसरे सत्र में 31 जनवरी 2020 को शपथ लेने के लिए उपस्थित थे। उसके बाद 17वीं लोकसभा के 15वें और आखिरी सत्र में अतुल राय छह और आठ फरवरी 2024 को उपस्थित थे। इस बीच पांच साल में उन्होंने संसद में न कोई सवाल पूछा और न किसी बहस में शामिल हुए। सांसद अतुल राय के प्रतिनिधि गोपाल राय ने कहा कि निश्चित तौर पर हमारे नेता अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच नहीं आ सके और संसद में भी उपस्थित नहीं रह सके। मगर, घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की जनता को हमने उनकी कमी नहीं महसूस होने दी। कोरोना काल में घोसी की जनता के बीच सर्वाधिक सक्रियता हमारी रही।

# टिम साउथी और केन विलियमसन ने 100वें टेस्ट का मनाया अनोखा जश्न अपने बच्चों के साथ मैदान पर आए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केन विलियमसन और टिम साउथी शुक्रवार को अपना 100वां टेस्ट एकसाथ खेलने उतरे। न्यूजीलैंड के दोनों दिग्गज खिलाड़ि 100वां मैच साथ में खेल रहे हैं।केन विलियमसन और टिम साउथी दोनों ही न्यूजीलैंड के महान क्रिकेटरों में से एक का दर्जा पा चुके हैं। दोनों ने मिलकर न्यूजीलैंड को विश्व टेस्ट तेज गेंदबाजों जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क ने दूसरे टेस्ट में भी कीवी बल्लेबाजों को सरेंडर करने पर मजबूर कर दिया। हेजलवुड ने पांच जबकि स्टार्क ने तीन विकेट



अपने बच्चों को साथ मैदान पर आए और 100वें टेस्ट का अनोखा जश्न मनाया। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से क्राइस्टचर्च में दूसरा टेस्ट मैच शुरू हुआ है न्यूजीलैंड के दिग्गज केन विलियमसन और टिम साउथी एकसाथ अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। विलियमसन और साउथी अपने बच्चों को लेकर मैदान में आए और 100वें टेस्ट का जश्न मनाया। इस पल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट इतिहास में यह पांचवां मौका है जब दो या ज्यादा खिलाड़ी एकसाथ अपना चैंपियनशिप के उद्घाटन सीजन का खिताब भी जीता है। केन विलियमसन का हेगले ओवल में दर्शकों ने खड़े होकर स्वागत किया, जब वो बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे। केन विलियमसन हालांकि, अपने 100वें टेस्ट को यादगार नहीं बना सके और 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जोश हेजलवुड ने पारी के 32वें ओवर में विलियमसन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। क्राइस्टचर्च में विलियमसन ने 37 गेंदों में 17 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम पहले ही सीरीज में 0-1 से पछिड़ रही है। ऑस्ट्रेलियाई झटके और न्यूजीलैंड की पहली पारी केवल 45.2 ओवर में 162 रन पर समेट दी। हेजलवुड ने टेस्ट क्रिकेट में 12वीं बार एक पारी में पांच विकेट लिए।मिचेल स्टार्क ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में तीन विकेट चटकाए और एक गजब की उपलब्धि हासिल की। स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के टेस्ट क्रिकेट में अब तक 357 विकेट हो चुके हैं। उन्होंने डेनिस लिली को पीछे छोड़ा, जिनके 355 विकेट थे।

# गुजरात जायंट्स की स्टार खिलाड़ी हरलीन देओल डब्लूपीएल 2024 से हुई बाहर, सामने आई यह बड़ी वजह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गुजरात जायंट्स ने गुरुवार को पुष्टि की कि स्टार ऑलराउंडर हरलीन देओल घुटने की चोट के चलते महिला प्रीमियर लीग से बाहर हो गई हैं। हरलीन देओल बाकी के बचे हुए मैचों से आधिकारिक बयान में लिखा, हम उन्हें जल्द से जल्द वापस एक्शन में देखना चाहते हैं। उनकी जगह 29 वर्षीय भारती फुलमाली को टीम में शामिल किया गया है बयान में कहा गया है, अंतरिम रूप से भारती फुलमाली जायंट्स टीम में



हरलीन की जगह लेंगी। 9 मार्च को खेले जाने वाले अगले मैच में वह टीम में शामिल होंगी। गुजरात का अगले मैच में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से सामना होगा दबता दें कि गुजरात ने आरसीबी को हराकर इस सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर 199 रन का स्कोर बनाया था। बाहर हो गई हैं। टीम ने हरलीन के जल्द ठीक होने की शुभकामनाएं दी हैं गुजरात जायंट्स ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की। आधिकारिक बयान में लिखा हम उन्हें जल्द से जल्द वापस एक्शन में देखना चाहते हैं। उनकी जगह 29 वर्षीय भारती फुलमाली को टीम में शामिल किया गया है। गुजरात का अगले मैच में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से सामना होगा। गुजरात जायंट्स ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की। ॅइथ् के प्वाइंट्स टेबल में गुजरात -1.278 के नेट रन रेट पर केवल 2 अंकों के साथ सबसे निचले पायदान पर है। गौरतलब हो कि हरलीन देओल पहले से ही इंजर्ड थीं। बेंगलुरु में खेले गए यूपी वॉरियर्स के खिलाफ के दौरान उन्हें फिर बाएं घुटने में चोट लग गई थी। फील्डिंग करते हुए पहले ही ओवर में हरलीन इंजरी का शिकार हो गई थीं। इसके बाद से वह मैदान पर नहीं दिखीं। सन्हे राणा की भी फिटनेस चिंता का विषय बना हुआ है।

# हर्ष ठाकर ने पहले गेंदबाजी से किया घायल फिर नाबाद शतक जड़कर दिया जख्म, कनाडा ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से दी मात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग दो 2023-27 के 11वें मैच में कनाडा ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। कनाडा के हर्ष ठाकर के हरफनमौला प्रदर्शन से कनाडा को यह जीत मिली। हर्ष ठाकर गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट रन बनाकर आउट हुए। चार्ली टियर ने 18 रन का योगदान दिया। दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए 11वें मैच में कनाडा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 47.3 ओवर में 197 रन का स्कोर बनाया। टीम का भी विकेट खो दिया। इसके बाद विकटों की झड़ी लग गई। कनाडा की तरफ से हर्ष ठाकर ने तीन विकेट चटकाए। अम्मार खालिद और कप्तान एस जफर को दो-दो विकेट मिले। 198 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कनाडा की शुरुआत खराब रही। 34 के स्कोर पर टीम के चार



निकाले। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद शतक जड़ा। दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए 11वें मैच में कनाडा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 47.3 ओवर में 197 रन का स्कोर बनाया। टीम की शुरुआत अच्छी रही। पहले विकेट के लिए मुन्से और चार्ली टियर ने 61 रन जोड़े। मुन्से 36 की शुरुआत अच्छी रही। पहले विकेट के लिए मुन्से और चार्ली टियर ने 61 रन जोड़े। मुन्से 36 रन बनाकर आउट हुए। चार्ली टियर ने 18 रन का योगदान दिया। इसके बाद ब्रैंडन मैकमुलेन और कप्तान बेरिंगटन ने कमान संभाली। टीम का स्कोर अभी 124 पर ही पहुंचा था कि ब्रैंडन मैकमुलेन 33 रन बनाकर आउट हो गए। 140 तक पहुंचते-पहुंचते टीम ने कप्तान बेरिंगटन (30) बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। इसके बाद हर्ष और निकोलस किर्टन ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 157 गेंद पर 109 रन की साझेदारी हुई। निकोलस किर्टन 44 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हर्ष ने दूसरे छोर से शतक जड़ा। श्रेयस मोव्वा ने नाबाद 20 रन बनाए। हर्ष ने नाबाद 105 रन की पारी खेली और टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया।

# मुंबई इंडियंस ने यूपी वॉरियर्स को 42 रन से हराया, दीप्ति शर्मा का अर्धशतक गया बेकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के 14 मैच में मुंबई इंडियंस ने यूपी लौट गईं मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला



वॉरियर्स को 42 रन से हराया। पहले बल्लेबाज करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी वॉरियर्स 9 विकेट के नुकसान पर 118 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। 17 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। 76 के स्कोर पर टीम को नैट सिवर ब्रंट (45) के रूप में तीसरा झटका लगा। वहीं 104 के स्कोर पर कप्तान हरमनप्रीत कौर (33) भी पवेलियन किया। मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। 17 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। 76 के स्कोर पर टीम को नैट सिवर ब्रंट (45) के रूप में तीसरा झटका लगा। वहीं, 104 के स्कोर पर कप्तान हरमनप्रीत कौर (33) भी पवेलियन लौट गईं। अमेलिया केर ने 23 गेंद पर 39 रन की पारी खेली। अमनजोत ने 7 रन का योगदान दिया। एस संजना ने 14 गेंद पर 22 रन की तूफानी पारी खेली। यूपी की तरफ से चमारी अटापट्टू ने दो विकेट हासिल किए। गायकवाड़, दीप्ति शर्मा और साइमा ठाकोर ने एक-एक विकेट लिए।

# केन विलियमसन अपने 100वें टेस्ट में केवल 17 रन बनाकर लौटे पवेलियन विराट कोहली को इस मामले में पीछे छोड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केन विलियमसन ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने करियर का 100वां टेस्ट मैच खेला। विलियमसन और न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउथी दोनों ने एकसाथ अपने 100वें टेस्ट में शिरकत की। विलियमसन अपने 100वें टेस्ट को यादगार नहीं बना सके क्योंकि पहली पारी में केवल 17 रन बनाकर आउट हो गए। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का 100वां मैच खेला। केन विलियमसन बड़ी पारी खेलकर इसे यादगार नहीं बना सके लेकिन फिर भी वो भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ने में कामयाब हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में केवल 162 रन पर ऑलआउट कर दिया। जोश हेजलवुड ने एलबीडब्ल्यू करके विलियमसन की पारी पर विराम लगाया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार पारियों में तीन शतक लगाने वाले विलियमसन का बल्ला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन पारियों में खामोश रहा। हालांकि, वो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ने में कामयाब हुए। केन विलियमसन लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं, जबकि विराट कोहली इस समय ब्रेक पर हैं। कोहली हाल ही में बेटे के पिता बने और इसी वजह से उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था। इस दौरान केन विलियमसन ने खूब रन बनाए और कोहली को पछाड़ने में कामयाब हुए। विलियमसन को दूसरे टेस्ट में कोहली को पीछे छोड़ने के लिए केवल 15 रन की दरकार थी। विराट कोहली ने अब तक 60 पारियों में चार शतक और 10 अर्धशतकों की मदद से 2235 रन बनाए थे। इसमें उनकी औसत 39.21 की रही। विलियमसन ने बड़े अंतर से अपने प्रतिस्पर्धी कोहली को पछाड़ा। केन विलियमसन ने केवल 39 पारियों में 63.94 की औसत से 2238 रन बनाए, जिसमें 10 शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। केन विलिमयन ने भले ही कोहली को पछाड़ दिया हो, लेकिन न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंचाने में नाकाम रहे। जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की घातक गेंदबाजी के सामने कीवी टीम ने घुटने टेक दिए और उनकी पहली पारी 45.2 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हुई।




# इंग्लैंड को ऑलआउट करने के बाद भिड़े कुलदीप-अश्विन, इस वजह से दोनों के बीच हुई मीठी तकरार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवें टेस्ट मैच में कुलदीप यादव और अश्विन की घातक इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अश्विन और कुलदीप ने इंग्लैंड की पारी को समेटने में अहम रोल अदा किया। थे कि अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे अश्विन टीम को लीड करें। वहीं, अश्विन चाह रहे थे कि कुलदीप ने पांच विकेट लिए



गेंदबाजी देखने को मिली। कुलदीप यादव ने जहां पांच विकेट लिए तो वहीं, अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे आर अश्विन ने 4 विकेट चटकाए। इंग्लैंड की पारी समाप्त होने के बाद अश्विन और कुलदीप आपस में भिड़ गए। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अश्विन और कुलदीप ने इंग्लैंड की पारी को समेटने में अहम रोल अदा किया। दोनों ने मिलकर कुल 9 अंग्रेज बल्लेबाजों को आउट किया। कुलदीप ने 15 ओवर में 72 रन देकर 5 विकेट चटकाए। वहीं, अश्विन ने 11.4 ओवर में 51 रन देकर 4 विकेट हासिल किया। दोनों ने मिलकर कुल 9 अंग्रेज बल्लेबाजों को आउट किया। कुलदीप ने 15 ओवर में 72 रन देकर 5 विकेट चटकाए। वहीं अश्विन ने 11.4 ओवर में 51 रन देकर 4 विकेट हासिल किया। इंग्लैंड को ऑलआउट करने के बाद टीम इंडिया मैदान से बाहर जा रही थी। इसी दौरान अश्विन और कुलदीप यादव के बीच मीठी तकरार देखने को मिली। दरअसल, गेंद अश्विन के हाथों में थी और उन्होंने कुलदीप यादव की ओर गेंद को फेंका और उनसे टीम की अगुआई करने को कहा। इस पर कुलदीप ने मना कर दिया और गेंद अश्विन को वापस कर दी। दरअसल, कुलदीप चाहते हैं। इसलिए वह टीम का नेतृत्व करें। थोड़ी देर तक दोनों के बीच मीठी तकरार होती रही। अंत में अश्विन ने कुलदीप को समझाया और चाइनामैन ने टीम का नेतृत्व किया। बात करें आखिरी टेस्ट मैच के पहले दिन के खेल की तो इंग्लैंड ने 218 रन बनाए। जैक क्रॉली ने सर्वाधिक 79 रन बनाए। भारत ने पलटवार करते हुए तेज शुरुआत की है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के बीच पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी हुई। जायसवाल ने 57 रन की पारी खेली। वहीं, रोहित 52 रन बनाकर नाबाद रहे।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# नूर अली जादरान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास, टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ जड़ा था अर्धशतक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज नूर अली जादरान ने गुरुवार, 7 मार्च को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच से पहले खिलाडि़यों ने नूर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। नूर अली ने अफगानिस्तान के लिए 2 टेस्ट, 51 वनडे और 23 टी20घ् मैच खेले हैं। नूर ने पहली बार अफगानिस्तान के लिए 2009 में क्रिकेट खेला था। अफगानिस्तान के लिए नूर अली आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ हुए एकमात्र टेस्ट मैच में खेला था। इस टेस्ट मैच को आयरलैंड ने जीता था। नूर अली ने वनडे में 24.81 की औसत से 1216 रन और टी20 में 27.13 की औसत से 597 रन बनाए। उनके दोनों टेस्ट एक महीने के अंतराल में आए, उन्होंने महीने के अंत में अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ



टेस्ट मैच से पहले फरवरी की शुरुआत में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने चार पारियों में 117 रन बनाए। गौरतलब हो कि नूर ने आखिरी बार 2019 वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था। इसके बाद अक्टूबर 2023 में एशियाई खेलों में टी20घ् के लिए अफगानिस्तान टीम में वापस बुलाया गया था। एशियाई खेलों में, उन्होंने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ क्रमशः 51 और 39 रन बनाए। फाइनल में बारिश की वजह से कोई नतीजा नहीं निकलने की वजह से भारत रैंका का फायदा मिला और गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। नूर ने अप्रैल 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान की तरफ से वनडे डेब्यू किया था। नूर ने पहले वनडे मैच में 28 गेंद पर 45 रन की पारी खेली थी। फरवरी 2010 में नूर ने पहला टी20 मैच खेला था। साल 2010 टी20 वर्ल्ड कप में नूर ने भारत के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था। साल 2016 में हुए टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भी वह अफगानिस्तान टीम का हिस्सा थे।

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान के नक्शे कदम पर नेपाल, हालिया घटनाएं दे रही हैं कुछ अहम संकेत

जिस तरह पाकिस्तान में पर्दे के पीछे सरकार गठन में सेना प्रेरक की भूमिका में थी, क्या नेपाल को ऐसी प्रेरणा चीन से मिली? नेपाली कांग्रेस ने तो नेपाल के वामपंथियों के बीच सुलह कराने के पीछे चीन का हाथ होने का संकेत दिया ही है। नेपाल में बेल्ट ऐंड रोड पहल की गति को भी एक कारक के रूप में देखा जाता है।नेपाल की ताजा घटनाएं कुछ महत्वपूर्ण संकेत देती हैं, जिनमें कुछ नई हैं, तो कुछ पुरानी। पहली बात तो यह है कि यह कुछ पाकिस्तान के घटनाक्रम जैसा है, जहां पिछले महीने चुनावी नतीजे के बाद त्रिशंकु सदन की स्थिति पैदा होने पर दूसरे और तीसरे नंबर की पार्टियों ने मिलकर नई सरकार बनाई और सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को विपक्ष में बैठने के लिए मजबूर कर दिया। ठीक उसी तरह नेपाली कांग्रेस, जिसने पिछले वर्ष चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं, को सत्ता से बाहर कर दिया गया।दूसरी बात, संख्याबल के खेल ने खुद को दोहराया है, जिसमें सिद्धांतों के लिए कोई जगह नहीं है। नेपाल के लोग राजशाही से लेकर म्यूजिकल चेयर का खेल खेलने वाले राजनेताओं के बीच फंसकर रह गए हैं। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख देउबा पांच बार और ओली दो बार प्रधानमंत्री बने हैं, जबकि प्रचंड का यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है। तीसरी बात, जैसा कि एक समय दुनिया भर के समाजवादियों के लिए कहा गया था, वह नेपाली कम्युनिस्टों पर भी सटीक बैठता है कि वे कुछ समय के बाद साथ नहीं रह सकते और ज्यादा दिनों तक अलग भी नहीं रह सकते। विरोधी खेमे के प्रतिद्वंद्वी माओवादी, कम्युनिस्ट एवं समाजवादी अब नए सहयोगी बन गए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या नेपाली कांग्रेस सिर्फ नेपाल ही नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते प्रभुत्व और सीपीएन-यूएमएल के प्रमुख केपी शर्मा ओली के कदमों से बेखबर थी? इसके अलावा, नेपाली कांग्रेस कुछ मंत्री पदों को लेकर प्रचंड के साथ अपने बढ़ते मतभेदों को दूर करने में क्यों असमर्थ रही चौथी बात, जो महत्वपूर्ण है, वह यह कि जिस तरह पाकिस्तान में पर्दे के पीछे सरकार गठन में सेना प्रेरक की भूमिका में थी, क्या नेपाल को वह प्रेरणा चीन से मिली थी? सत्ता से बेदखल हुई नेपाली कांग्रेस ने तो नेपाल के वामपंथियों के बीच सुलह कराने के पीछे चीन के हाथ होने का संकेत दिया ही है। नेपाल में चीन के बेल्ट ऐंड रोड पहल की गति को भी एक कारक के रूप में देखा जाता है। नेपाल में इस तरह के कई बदलाव हुए हैं और नेपाल का नवीनतम सियासी घटनाक्रम इन सभी कारकों का संयोजन प्रतीत होता है। पुष्प कमल दहल प्रचंड ने, जो दिसंबर, 2022 में ओली के सीपीएन-यूएमएल के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे, कुछ ही महीनों के बाद ओली के साथ गठबंधन तोड़कर नेपाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया था। इस बार, कुछ परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन के मुद्दे पर माओवादी सेंटर और नेपाली कांग्रेस के नेता और वित्त मंत्री महत और प्रचंड के बीच मतभेद बढ़ गए। इसके अलावा, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा चाहते थे कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता और नवनिर्वाचित विधायक कृष्णा सितौला को नेशनल एसेंबली का अध्यक्ष बनाया जाए, जबकि प्रचंड अपनी पार्टी के सदस्य को इस पर रखना चाहते थे। लगता है कि ओली ने इसी मतभेद का फायदा उठाया। अपने नए स्वरूप में यह सरकार भी ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। मौजूदा संसद का कार्यकाल अब मात्र तीन वर्ष बचा है। पिछले चुनाव में त्रिशंकु सदन की स्थिति में सांसदों की खरीद-फरोख्त हुई और लगातार राजनीतिक अस्थिरता बनी रही। जहां तक चीन का सवाल है, उसने उसी दिन तुरंत अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'बीजिंग नई सरकार के साथ काम करने को इच्छुक है...हमें उम्मीद है कि नेपाल में सभी दल एकजुट होंगे और नई सरकार के गठन, राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और लोगों की आजीविका में सुधार से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे।' नेपाल के दूसरे बड़े पड़ोसी भारत ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। नेपाल का घटनाक्रम तब सामने आया है, जब भारत हिंद महासागर में मालदीव के सख्त रवैये से जूझ रहा है। नेपाल में हुआ बदलाव बिल्कुल आश्चर्यजनक या अचानक नहीं है। नेपाली कांग्रेस और प्रचंड की पार्टी माओवादी सेंटर के बीच लंबे समय से मंत्रिमंडल में फेरबदल और नेशनल एसेंबली के अध्यक्ष पद को लेकर मतभेद गहरा रहे थे। प्रधानमंत्री प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा था कि नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष देउबा अच्छा प्रदर्शन न करने वाले मंत्रियों को बदलने की उनकी योजना में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

# महिलाएं देश बनाती हैं, इसलिए जरूरी है आधी आबादी का आर्थिक सशक्तीकरण

देश की आधी आबादी यानी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने से न सिर्फ आर्थिक विकास, बल्कि सामाजिक बदलाव की भी जमीन तैयार होती है। उनके लिए वित्तीय अवसर पैदा करने से वह तो मजबूत होती ही हैं, परिवार के साथ-साथ देश भी मजबूत होता है।हाल के वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति ने महत्वपूर्ण गति पकड़ी है। वर्तमान में देश अपने 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के सपने की बुनियाद मजबूत कर रहा है, जल्द ही यह तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने वाला है और अंततः 2047 तक भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र बन जाएगा। लेकिन इस सपने को साकार करने के लिए जरूरी है कि हम अपनी आधी आबादी यानी महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व को स्वीकार करें। खेल, व्यवसाय से लेकर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तक, यानी जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं ने साबित किया है कि भारत की प्रगति में उनका योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। उनकी पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए उनका वित्तीय सशक्तीकरण आवश्यक है, ताकि वे देश के विकास को प्रगतिशील और समावेशी बनाने में बदलाव की वाहक बन सकें। आज हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि महिला सशक्तीकरण महज एक नारा नहीं है, बल्कि इसे हासिल करने से विभिनन्-आर्थिक-सामाजिक पहलुओं पर ठोस परिणाम सामने आते हैं। उदाहरण के लिए, श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाने से न केवल जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि होती है, बल्कि अर्थव्यवस्था मजबूत बनती है और समग्र कल्याण में सुधार होता है। एक रिपोर्ट बताती है कि अधिकांश लैंगिक रूप से समान अर्थव्यवस्था वाले देशों में लैंगिक रूप से असमान अर्थव्यवस्था वाले देशों की तुलना में औसत वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर 0.8 प्रतिशत अधिक है। विकास दर में यह अंतर 15 साल की अवधि में जीडीपी के अतिरिक्त 20 फीसदी के बराबर है। यहां तक कि मैकिंजे की एक रिपोर्ट भी इस बात पर प्रकाश डालती है कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने से 2025 तक भारत की जीडीपी 770 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकती है। इसलिए मजबूत आर्थिक विकास करने वाले भारत द्वारा श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनका समर्थन करने से उसकी ताकत कई गुना बढ़ सकती है। इसे हासिल करने के लिए संगठनों को श्रमबल में विविधता लाने के महत्व और आवश्यकता को महसूस करने की जरूरत है। इसे सुनिश्चित करने से अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सकती है और विविध विचारों और दृष्टिकोण वाली कंपनियों को लाभ भी हो सकता है।चूंकि महिलाएं कई भूमिकाएं निभाती हैं और व्यक्तिगत एवं पेशेवर स्तर पर विभिनन् तरह की जिम्मेदारियां संभालती हैं, इसलिए संगठनों को उन्हें काम एवं जीवन में बेहतर संतुलन बनाने में मदद करने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वित्तीय विकास के लिए उन्हें अपने निजी जीवन का त्याग न करना पड़े। लचीली कार्य-व्यवस्था प्रदान करने, प्रगतिशील अवकाश नीति अपनाने, बाल-देखभाल सहायता सुनिश्चित करने एवं उन्हें अन्य सुविधाएं देने से इसे आसानी से हासिल किया जा सकता है। ये प्रयास महिलाओं की भलाई और उन्हें बेहतर रोजगार संतुष्टि प्रदान कर कार्य में सार्थक योगदान देने में सक्षम बना सकते हैं। नेतृत्व में विविधता लाने के लिए संगठन के भीतर वरिष्ठ भूमिकाओं में महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए अवसर भी पैदा करने होंगे। सीखने की पहल, कोचिंग एवं सलाह के माध्यम से महिला प्रतिभाओं की पहचान करने औरउन्हें नेतृत्वकारी भूमिका की खातिर तैयार करने से वे अपने कॅरिअर को कुशलता एवं आत्मविश्वास के साथ बढ़ाने में सक्षम हो सकती हैं और बेहतर समस्या समाधान, तेजी से निणर्य लेने और विकास एवं सफलता के लिए समग्र सुधार में संगठनों का समर्थन कर सकती हैं। इस समय देश के आर्थिक विकास ने एक लहर पैदा कर दी है, जिससे महिलाओं के वित्तीय विकास की संभावनाएं पैदा हो रही हैं। ऐसे में, उन्हें मौजूदा और उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार करने एवं समर्थन देने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, भारत फिलहाल एक मजबूत डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तन का प्रयास कर रहा है। इससे महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना आवश्यक हो गया है, ताकि वे अपनी आय, रोजगार की संभावनाएं बढ़ा सकें और ज्ञान हासिल करके समग्र विकास कर सकें। यह सुनिश्चित करने के लिए वंचित क्षेत्रों में इंटरनेट कवरेज का विस्तार करना, किफायती इंटरनेट कनेक्शन प्रदान करना, महिलाओं के लिए डिजिटल कौशल का समर्थन करना और डिजिटल संसाधनों तक पहुंच में सुधार करना जरूरी है, जो बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी बढ़ा सकता है और उन्हें सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद कर सकता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने से सिर्फ आर्थिक विकास ही हासिल नहीं होता, बल्कि यह सामाजिक बदलाव लाने के लिए एक सशक्त साधन के रूप में भी काम करता है। उनके लिए वित्तीय अवसर पैदा करने और उन्हें आय के नियमित स्रोत से जोड़ने से न केवल उनकी व्यक्तिगत समृद्धि बढ़ती है, बल्कि वे अपने परिवार का सहयोग करने में भी सक्षम होती हैं। वित्तीय सशक्तीकरण से उनके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। यह उन्हें अपने बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में और ज्यादा निवेश करने तथा भविष्य के लिए स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त पीढ.ियों के निर्माण में योगदान करने के लिए सशक्त बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वित्तीय रूप से स्वतंत्र और सशक्त महिलाएं बदलाव का वाहक बनती हैं और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा का काम करती हैं। वे पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं एवं मानदंडों को चुनौती देने, पुरुषों की बराबरी करने, उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और एक समावेशी समाज बनाने के लिए परिवार और समुदाय की अन्य महिलाओं के लिए रोल मॉडल के रूप में काम करती हैं। कुल मिलाकर, महिलाओं को स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें सशक्त बनाना जरूरी है, ताकि वे भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी ताकत के रूप में उभर सकें। भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए महिला सशक्तीकरण की चर्चा करना न केवल महत्वपूर्ण है, बल्कि जरूरी भी है। उन्हें जरूरी समर्थन, प्रोत्साहन और मान्यता देने से यह सुनिश्चित करना संभव होगा कि वे आगे बढ़ें और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालती रहें।



# यूरोपीय संघ को जरूरत है भारत की क्योंकि विश्व मंच पर बढ़ रहा है भारत का कद


यूरोपीय संघ भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में देखता है, और वह दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा और रक्षा सहयोग का आह्वान करता है। वैश्विक मंच पर भारत का कद तेजी से बढ़ने की वजह से यूरोपीय संघ के साथ रिश्ता और मजबूत होगा।हाल ही में रायसीना डायलॉग से अलग यूरोपीय संघ और भारतीय विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा और सहयोग पर जोर देते हुए ऑनलाइन दुष्प्रचार को रोकने पर विचार किया। कई नई प्रौद्योगिकियां आई हैं, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में चैटजीपीटी का दुरुपयोग भी हो रहा है। और अब सिर्फ यूरोप और अमेरिका के पास ही नहीं, बल्कि चीन और रूस के पास भी सैन्य एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई आधुनिक प्रौद्योगिकियां हैं। इसलिए साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने, ऑनलाइन दुष्प्रचार और दुरुपयोग को रोकने, अपनी टेकनेलॉजी को अपडेट करने और उन्हें उनन्त बनाने के लिए दुनिया भर के देशों में विचार-विमर्श हो रहा है। जीवन के उच्च मानक, समृद्धि और संपनन्ता, सीखने और बढ़ने के लिए अपार अवसर, मजबूत राजनीतिक संस्थान यूरोपीय देशों की विशेषता रही हैं, इसलिए यूरोपीय देशों के साथ ठोस रिश्ते बढ़ाना भारत के लिए आवश्यक है, लेकिन मौजूदा समय में हमें कई बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। पिछले दिनों इन्यू इंडो-पैसिफिक मिनिस्ट्रियल फोरम की



बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच के जुड़ाव पर बात करते हुए कहा कि यूरोपीय संघ बहुध्रुवीय दुनिया को पसंद करता है और यह बहुध्रुवीय दुनिया एशिया के जरिये ही मुमकिन है। यूरोपीय संघ इंडो-पैसिफिक के साथ जुड़ाव बढ़ाने के लिए समान विचारधारा वाले साझेदारों की तलाश करेगा और भारत उनमें से एक है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत में डिजिटल सार्वजनिक वितरण या हरित विकास की पहल जैसे कई बदलाव हो रहे हैं। इन बदलावों से यूरोपीय संघ का भारत के प्रति ध्यान आकर्षित हुआ है। वैश्विक मंच पर भारत का कद तेजी से बढ़ने से भविष्य में यूरोपीय संघ के साथ जुड़ाव और बढ़ेगा। भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते 1960 के दशक की शुरुआत में बने, जब भारत ने यूरोपीय आर्थिक समुदाय के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। वर्ष 1994 में यूरोप के साथ हमने एक द्विपक्षीय सहयोग समझौता किया, जिससे व्यापार और आर्थिक सहयोग काफी बढ़ा। पहला भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन लिस्बन में हुआ, जिससे संबंधों को गति मिली। हेग में हुए पांचवें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में इस रिश्ते को 'रणनीतिक साझेदारी' में उनन्त किया गया। यूरोपीय संघ भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में देखता है और वह दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा और रक्षा सहयोग का आह्वान करता है। द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के तहत व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, विज्ञान व अनुसंधान, परमाणु अप्रसार और निरस्त्रीकरण, आतंकवाद का मुकाबला, साइबर सुरक्षा, समुद्री डकैती, प्रवासन और गतिशीलता आदि इकतीस संवाद तंत्र शामिल हैं। चीन, अमेरिका के बाद यूरोपीय संघ भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, जबकि भारत यूरोपीय संघ का 10वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। अमेरिका के बाद यूरोपीय संघ भारतीय निर्यात का दूसरा सबसे बड़ा गंतव्य है। जबसे यूक्रेन-रूस युद्ध छिड़ा है, खासकर पश्चिमी यूरोप के जो देश हैं, उन्होंने अपने हितों के खिलाफ जाकर रूस पर प्रतिबंध लगाया। नतीजतन एक तरफ जहां उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हुई, वहीं दूसरी तरफ रूस से उन्हें जो गैस वगैरह मिल रही थी, वह बंद हो गई। हालांकि भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर यूरोप को तेल की आपूर्ति की, जिससे हमारे रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ी है। फिर भी इन नए घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए हमें अपने राष्ट्रीय हितों पर ध्यान देना चाहिए। मौजूदा परिस्थिति में यूरोप की अर्थव्यवस्था कमजोर हो चुकी है। पश्चिम एशिया से बहुत से शरणार्थी वहां पहुंच गए हैं, जिससे वहां अस्थिरता पैदा हो रही है। आपसी मतभेद, आर्थिक समस्या के अलावा जो यूरोपीय देश नाटो में शामिल हैं, उनके लिए अमेरिकी निर्देश को नजर अंदाज करना मुश्किल होता है। फ्रांस के साथ हमारे द्विपक्षीय रिश्ते बहुत अच्छे हैं और उनके साथ आर्थिक, तकनीकी और व्यापारिक सहयोग बढ़ाए जा सकते हैं, लेकिन कई अन्य यूरोपीय देशों के साथ यह सब आसानी से नहीं किया जा सकता है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 पर लेखक, सलाहकार, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती कौशकी सोंधी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)** आईआईएमटी ग्रुप ऑफ कॉलेज,



ग्रेटर नोएडा में व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम प्रशिक्षक, पूर्व प्रोफेसर मंगलमय इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेकनेलॉजी, छात्र परामर्शदाता, पूर्व प्राचार्य, सॉफ्ट स्किल ट्रेनर, भारत विश्वविद्यालय और श्री वेंकटेश्वर कॉलेज के सलाहकार मंडल, बदलाव का मार्गदर्शक नीति आयोग, कई स्कूलों और गैर सरकारी संगठनों के सलाहकार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 पर अपने विचार साझा करती है और कहती है, जैसा कि दुनिया 8 मार्च, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाती है, यह दुनिया भर में महिलाओं के उल्लेखनीय योगदान और लचीलेपन को प्रतिबिंबित करने का एक मार्मिक क्षण प्रस्तुत करता है। इस वर्ष की थीम, ठबाधाओं को तोड़ना, समानता का निर्माण करनाठ समाज के सभी पहलुओं में बाधाओं को दूर करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए चल रहे प्रयासों को रेखांकित करती है उत्सवों के बीच, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं को खुद को सशक्त बनाने और प्रगति और समानता की सामूहिक खोज में एक-दूसरे का समर्थन करने के लिए कार्रवाई के आह्वान के रूप में कार्य करता है। यहां कुछ तरीके दिए गए हैं जिनसे महिलाएं एक-दूसरे का उत्थान कर सकती हैं और बदलाव ला सकती ह व्यावसायिक विकास में सहायताः महिलाएं नेतृत्व की भूमिकाओं और पेशेवर विकास के लिए समान अवसर सुनिश्चित करते हुए एक-दूसरे के करियर में उनन्ति के लिए मार्गदर्शन और वकालत कर सकती हैं। भाईचारे को बढ़ावा देनाः महिलाओं के बीच भाईचारे और एकजुटता के मजबूत बंधन को विकसित करने से अनुभव साझा करने, सलाह देने और जीवन की चुनौतियों से निपटने में मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए एक सहायक नेटवर्क बनाया जा सकता है। लैंगिक समानता की वकालतः महिलाएं कार्यस्थल, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और समाज के अन्य क्षेत्रों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाली नीतियों और पहलों की वकालत करने के लिए एकजुट हो सकती हैं। विविधता का जशन् मनानाः महिला मंडल के भीतर विविधता और समावेशिता को अपनाने से विविध आवाज़ों और अनुभवों को बढ़ाया जा सकता है, जिससे एक अधिक जीवंत और समावेशी समुदाय को बढ़ावा मिल सकता है। महिला अधिकारों की हिमायतः महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाने और सभी के लिए अधिक न्यायसंगत दुनिया सुनिश्चित करने के लिए लिंग आधारित भेदभाव, हिंसा और अन्याय के खिलाफ खड़ा होना महत्वपूर्ण है। स्व-देखभाल और कल्याण को बढ़ावा देनाः महिलाओं को व्यक्तिगत और व्यावसायिक रूप से आगे बढ़ने के लिए स्व-देखभाल प्रथाओं को प्रोत्साहित करना और मानसिक और शारीरिक कल्याण को प्राथमिकता देना आवश्यक है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और उसके बाद, आइए हम हर जगह महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण की वकालत करने के लिए खुद को फिर से प्रतिबद्ध करें। एकजुटता के साथ खड़े होकर और सकारात्मक बदलाव के लिए कार्रवाई करके, हम आने वाली पीढ.ियों के लिए एक उज्जवल, अधिक समावेशी भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 'कड़ी मेहनत से बनाई पी एम एल में जगह', मरियम नवाज ने अपनी पिता की पार्टी को बताया पुरुष-प्रधान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने लाहौर में महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) में अपने लिए जगह बनाने के लिए उन्हें कफी कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि पार्टी में जगह बनाने के लिए मुझे एक दशक से अधिक समय



तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। मरियम नवाज ने अपनी पिता द्वारा बनाई गई पार्टी (पीएमएल-एन) को पुरुष-प्रधान पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह पार्टी ऐतिहासिक रूप से पुरुष-प्रधान पार्टी रही है और मुझे अपने लिए जगह बनाने के लिए 12-13 वर्षों तक काफी मेहनत करनी पड़ी उन्होंने आगे कहा कि अगर मैं यहां खड़ी हूं, तो यह हर महिला, मां और बेटी के लिए एक संदेश है कि अगर आप कुछ करना चाहती हैं, तो एक महिला होना आपके सपनों और मिशन को पूरा करने में बाधा नहीं बन सकती है। मालूम हो कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री वरिष्ठ पीएमएल-एन नेता मरियम नवाज को बनाया गया है। मरियम तीन बार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी हैं। 50 वर्षीय उपाध्यक्ष मरियम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित सुननी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सांसदों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता है।

# थाना चोपन पुलिस द्वारा, चोरी सम्बन्धित प्रकरण में एक नफर वांछित अभियुक्त, को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन मे जनपद में चोरी पर



प्रभावी अंकुश लगाने व संलिप्त वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में आज दिनांक 07.03.2024 को थाना रायपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-19/2024 धारा 380,457,411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त गुड्डू यादव उर्फ सहजादा पुत्र महेन्द्र यादव निवासी बनबहुअर थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-** 1.गुड्डू यादव उर्फ सहजादा पुत्र महेन्द्र यादव निवासी बनबहुअर थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष । **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1.उ0नि0 रामनयन यादव थाना रायपुर जनपद सोनभद्र । 2.हे0का0 राकेश सिंह यादव थाना रायपुर जनपद सोनभद्र । 3.हे0का0 मोहन कश्यप थाना रायपुर जनपद सोनभद्र ।

# गठबंधन की अटकलों के बीच दिल्ली पहुंचे चंद्रबाबू नायडू

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में लौटने की अटकलों के बीच तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू दिल्ली पहुंच गए हैं। सूत्रों के अनुसार, वह राजधानी में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं चंद्रबाबू नायडू भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से आज मुलाकात कर गठबंधन की चर्चा कर सकते हैं। तेदेपा राजग का हिस्सा थी लेकिन 2018 में नायडू के राज्य के मुख्यमंत्री रहने के दौरान वह इससे बाहर हो गई थी। दोनों पार्टियां हाथ मिलाने के लिए तैयार हैं लेकिन बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि वे आपसी सहमति से सीट-बंटवारा कर पाते हैं या नहीं तेदेपा राजग का हिस्सा थी, लेकिन 2018 में नायडू के राज्य के मुख्यमंत्री रहने के दौरान वह इससे बाहर हो गई थी। सूत्रों के अनुसार, दोनों पार्टियां हाथ मिलाने के लिए तैयार हैं, लेकिन बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि वे आपसी सहमति से सीट-बंटवारा कर पाते हैं या नहीं। सूत्रों ने बताया कि नायडू आंध्र प्रदेश में एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर सकते हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब इस बात के साफ संकेत मिल रहे हैं कि ओडिशा का सत्तारूढ़ बीजद भी राजग में शामिल हो सकता है।

# उद्योगपति नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत, पीएम मोदी ने खुद किया एलान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी है। सफल संसदीय कार्यकाल की कामना भी की। उन्होंने आगे कहा कि राज्यसभा में उनकी उपस्थिति नारी शक्ति का एक शक्तिशाली प्रमाण है, जो हमारे देश की नियति को आकार देने में महिलाओं की



ताकत और क्षमता का उदाहरण है सुधा मूर्ति इन्फोसिस के सह-संस्थापक एन आर नारायण मूर्ति की पतने और मूर्ति ट्रस्ट की अध्यक्ष भी हैं। वह एक लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वे अब तक कई किताबें लिख चुकी हैं। 73 वर्षीय सुधा मूर्ति का नामांकन अंतरराष्ट्रीय राज्यसभा के सांसद के रूप में मनोनीत होने पर पीएम मोदी ने सुधा मूर्ति को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति हमारी नारी शक्ति के लिए एक शक्तिशाली प्रमाण ह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। राज्यसभा के सांसद के रूप में मनोनीत होने पर पीएम मोदी ने सुधा मूर्ति को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति हमारी नारी शक्ति के लिए एक शक्तिशाली प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक कार्य परोपकार और शिक्षा सहित विभिनन्न क्षेत्रों में उनका योगदान बहुत बड़ा और प्रेरणादायक रहा है प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिनन्न क्षेत्रों में उनका योगदान बहुत बड़ा और प्रेरणादायक रहा है। पीएम मोदी ने सुधा मूर्ति की महिला दिवस के अवसर पर हुआ है। भारत सरकार ने सुधा मूर्ति को साल 2006 में पद्म श्री और 2023 में पद्म भूषण से सम्मानित किया था। मालूम हो कि सुधा मूर्ति ने हाल ही में नए संसद भवन का दौरा किया था। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि संसद भवन को वह लंबे समय से देखना चाहती थी और उनका सपना पूरा हुआ। संसद भवन बहुत सुंदर है। इसकी तारीफ करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। मैं काफी लंबे समय से देखना चाहती थी। यह सपना सच होने जैसा है। सुधा मूर्ति राजनीति में आने के सवाल पर इस दौरान एक मजेदार जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि मैं जैसी हूं, जिस जगह हूं, वहां बेहद खुश हूं। सुधा मूर्ति के इस जवाब पर वहां मौजूद सभी लोग जोर-जोर से हंसने लगे थे।

# पीने के पानी से कार धोने और बागवानी करने पर लगेगा 5 हजार का जुर्माना, बूंद-बूंद को तरसा बेंगलुरु

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** गर्मी की शुरुआत के पहले ही कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु पीने के पानी की किल्लत से जूझ रही है। लाखों लोग यहां पीने के साफ पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसको लेकर सरकार की ओर से सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी बीच, सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। बेंगलुरु शहर इस समय पीने के पानी की किल्लत से जुझ रहा है। शहर का एक बड़ा हिस्सा पीने के पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर हो गया है। हालांकि टैंकरों के ऊपर निर्भर होने के कारण कई टैंकर मालिकों ने अपने ग्राहकों से मनचाहे दाम लेने शुरू कर दिए हैं। इसके बाद राज्य सरकार ने टैंकर पानी के दाम तय करने का आदेश दिया है। दरअसल, गंभीर जल संकट के बीच, कर्नाटक जल आपूर्ति और



सीवरेज बोर्ड ने कार धोने, बागवानी, भवन निर्माण, पानी के फव्वारे और सड़क निर्माण और रखरखाव के लिए पीने के पानी के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके साथ ही, स्पष्ट तौर पर कहा है कि आदेश का उल्लंघन करने पर 5000 रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा। इससे पहले भी सरकार ने लगातार मिल रही शिकायतों के बाद टैंकर पानी की कीमत तय करने का आदेश दिया है। गुरुवार को बेंगलुरु शहर जिला प्रशासन ने यह फैसला इसलिए लिया है, ताकि टैंकर मालिक ग्राहकों से जबरन वसूली न कर सकें। बेंगलुरु सिटी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर केए दयानंद ने बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड द्वारा बेंगलुरु महानगर निगम की ओर से याचिका दायर करने के बाद परिपत्र जारी किया।

# स्पाई कैमरे से स्मार्टफोन तक, अमृतपाल सिंह के सेल से मिले कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट; जेल अधीक्षक गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल के अधीक्षक को कट्टरपंथी संगठन 'वारिस पंजाब डे' के सदस्यों की मदद के लिए



शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि 'वारिस पंजाब डे' से जुड़े कैदियों के कब्जे से स्मार्टफोन सहित इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की जब्ती के मामले में गिरफ्तार किया गया था। खालिस्तानी समर्थक कैदियों के कब्जे से जब्त किए गए उपकरणों में एक सिम कार्ड के साथ एक स्मार्टफोन एक कीपैड फोन कीबोर्ड के साथ एक टीवी रिमोट एक स्पाई-कैमरा पेन पेन-ड्राइव एक ब्लूटूथ हेडफोन और स्पीकर शामिल थे। पंजाब से कट्टरपंथी संगठन के सदस्यों को वहां लाए जाने के बाद जेल में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सभी सीसीटीवी कैमरों को चेक करके दोबारा लगाया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि जेल अधिकारी को लापरवाही के लिए सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल, वह डिब्रूगढ़ सदर पुलिस स्टेशन में हैं। उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी पिछले महीने जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के बंदियों की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कोशिकाओं की जब्ती के संबंध में की गई थी। खालिस्तानी समर्थक कैदियों के कब्जे से जब्त किए गए उपकरणों में एक सिम कार्ड के साथ एक स्मार्टफोन, एक कीपैड फोन, कीबोर्ड के साथ एक टीवी रिमोट, एक स्पाई-कैमरा पेन, पेन-ड्राइव, एक ब्लूटूथ हेडफोन और स्पीकर शामिल थे। पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया था, ठडिब्रूगढ़ जेल, असम में एनएसए बंदियों का संदर्भ - एनएसए सेल में होने वाली अनधिकृत गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलने पर, एनएसए ब्लॉक के सार्वजनिक क्षेत्र में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कानूनी कार्रवाई और सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। खालिस्तानी समर्थक संगठन के दस सदस्यों में उनका नेता अमृतपाल सिंह और उसके एक चाचा भी शामिल हैं। यह पिछले साल 19 मार्च से डिब्रूगढ़ की जेल में बंद हैं, जब उन्हें संगठन पर कार्रवाई के बाद पंजाब के विभिनन्न हिस्सों से एनएसए के तहत गिरफ्तार किया गया था। पंजाब से कट्टरपंथी संगठन के सदस्यों को यहां लाए जाने के बाद जेल में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और सभी खराब कैमरे या तो बदल दिए गए या उनकी मरम्मत कर दी गई। डिब्रूगढ़ जेल पूर्वोत्तर की सबसे पुरानी और सबसे उच्च सुरक्षा वाली जेलों में से एक है।

# दिल तो बच्चा है जी रशियन गर्लफ्रेंड से शादी करेंगे 92 साल के रूपर्ट मर्डीक

**वाशिंगटन।** रूपर्ट मर्डीक ने अपनी प्रेमिका एलेना झुकोवा से सगाई कर



ली है। 92 साल के रूपर्ट पांचवीं बार शादी करने जा रहे हैं। शादी कैलिफोनिर्या में उनके वाइनयार्ड और एस्टेट, मोरागा में होगी। बता दें कि रूपर्ट मर्डीक के फॉक्स और न्यूज कॉर्प के अध्यक्ष पद से हटने के कुछ ही महीने बाद उन्होंने यह घोषणा की है। रूपर्ट मर्डीक ने अपनी प्रेमिका एलेना झुकोवा से सगाई कर ली है। 92 साल के रूपर्ट पांचवीं बार शादी करने जा रहे हैं । 67 साल की ऐलेना जुकोवा मॉस्को रूस से हैं। वह मॉलूक्यूलर बायोलजिस्ट रह चुकी हैं। ऐलेना ने रूपर्ट मर्डीक को पिछले साल से डेट करना शुरू किया था। दोनों की मुलाकात रूपर्ट मर्डीक की तीसरी पतने वेंडी डेंग के जरिए हुई थी। 67 साल की ऐलेना जुकोवा मॉस्को, रूस से हैं। वह मॉलूक्यूलर बायोलजिस्ट रह चुकी हैं। ऐलेना ने रूपर्ट मर्डीक को पिछले साल से डेट करना शुरू किया था।

# बीजेपी की दूसरी लिस्ट में देरी की वजह आई सामने, इस दिन होगी सीईसी की बैठक; बाकी प्रत्याशियों के नाम पर लगेगी मुहर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने 195 उम्मीदवारों के



नाम की घोषणा के साथ आगामी चुनाव को लेकर कमर कस ली है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असम दौरे के चलते तारीख में बदलाव किया गया है। अब यह बैठक 10 मार्च को होगी। इस बैठक में लोकसभा सीटों पर शेष उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगने की उम्मीद जताई जा रही है। बीजेपी ने 2 मार्च को 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट की जारी थी। वहीं, शेष उम्मीदवारों के नामों पर मंथन और उस पर मुहर लगाने के लिए भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज होनी थी। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असम दौरे के चलते तारीख में बदलाव किया गया है। अब यह बैठक 10 मार्च को होगी। इस बैठक में लोकसभा सीटों पर शेष उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम की दो दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे। अपने दौरे के दौरान वह जोरहाट में 18 हजार करोड रुपये की लागत से कई परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय, मंदिरों में जलाभिषेक के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि का त्योहार आज पूरे देश में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं, इस अवसर पर मध्य प्रदेश के महाकाल ज्योतिर्लिंग मंदिर और ओंकारेश्वर-ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महाशिवरात्रि का त्योहार आज पूरे देश में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं इस अवसर पर मध्य प्रदेश के महाकाल ज्योतिर्लिंग मंदिर और ओंकारेश्वर-ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। इधर उज्जैन के महाकाल मंदिर के साथ ही खंडवा जिले के ओंकारेश्वर मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर में रात से ही



भक्तों की कतारें लगना शुरू हो गई थी। मंदसौर के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर, भोपाल के करीब भोजपुर शिव मंदिर, ग्वालियर के अचलेश्वर महादेव मंदिर और इंदौर के देवगुराड़ि?या मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। राज्य के सभी जिलों में शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी है। इधर, उज्जैन के महाकाल मंदिर के साथ ही खंडवा जिले के ओंकारेश्वर, मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर में रात से ही भक्तों की कतारें लगना शुरू हो गई थी। पीएम मोदी ने महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का यह महापर्व सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए। महाशिवरात्रि के अवसर पर वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में आरती की गई। वहीं, श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में महाशिवरात्रि के अवसर पर संगम घाट पर पूजा और सनन किया। इधर, अयोध्या के नागेश्वर नाथ मंदिर में भी भक्तों ने पूजा की।

# पीएम मोदी ने 12 घंटे के अंदर किए ये चार बड़े एलान, जानिए किसे और कैसे मिलेगा फायदा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव (थ्दव् र्ट्टि ।तमूदहे) से पहले केंद्र सरकार ने कई बड़े एलान किए हैं। लोकसभा चुनाव और होली से पहले सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई फैसला किया है। जनवरी से ही केंद्रीय कर्मचारी महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का इंतजार कर रहे थे। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी की बैठक में सरकार ने महंगाई करोड़ रुपये का लाभ अलग से मिलेगा। उज्ज्वला योजना अब 31 मार्च, 2025 तक जारी रहेगी। अगले एक वर्ष के दौरान योजना के तहत आने वाले परिवारों को 12 एलपीजी सिलेंडर 300 रुपये प्रति



भत्ते, आवासीय भत्ते और ग्रेच्युटी में बढ़ोतरी कर दी है। इसके साथ ही कैबिनेट ने देश के 10 करोड़ से ज्यादा गरीब परिवारों को सब्सिडी पर रसोई गैस सिलेंडर देने की पीएम उज्ज्वला योजना की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ा दी है। लोकसभा चुनाव और होली से पहले केंद्र सरकार ने कई बड़े एलान किए हैं। केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते आवासीय भत्ते और ग्रेच्युटी में बढ़ोतरी की है। वहीं 10 करोड़ से ज्यादा गरीब परिवारों को सब्सिडी पर रसोई गैस सिलेंडर देने की पीएम उज्ज्वला योजना की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ा दी है। एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। वहीं महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए नई सौगात पेश की है। उन्होंने अपने ट्वीट पर लिखा कि महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी का फैसला किया। यह फैसला इस वर्ष एक जनवरी से मान्य होगा। इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता मूल वेतन का 50 प्रतिशत हो जाएगा और इससे केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाले आवासीय भत्ते और ग्रेच्युटी में भी बढ़ोतरी हो जाएगी। विभिनन्न वर्गों को उनके वेतन के मुताबिक इसका लाभ मिलेगा। इस फैसले की जानकारी देते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों की ग्रेच्युटी सीमा अब 20 लाख से बढ़कर 25 लाख हो जाएगी। अभी ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख है। उन्होंने बताया कि महंगाई भत्ते में सिर्फ चार प्रतिशत बढ़ोतरी से सरकार पर सालाना 12,868.72 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आएगा। लेकिन अन्य विभिनन्न प्रकार के भत्तों में होने वाली बढ़ोतरी से इस वर्ष जनवरी से अगले वर्ष फरवरी के बीच केंद्रीय कर्मचारियों को 9,400 सिलेंडर की सब्सिडी के साथ मिलेंगे। वर्ष 2016 में लागू पीएम उज्ज्वला योजना की अवधि मार्च, 2024 में समाप्त हो रही थी। उज्ज्वला योजना को एक वर्ष बढ़ाने के लिए सरकार 12,000 करोड़ रुपये का प्रविधान करेगी। योजना के तहत अभी 10.27 करोड़ लाभार्थी हैं। इन सभी को अब 603 रुपये में 14.2 किलोग्राम का गैस सिलेंडर उपलब्ध होगा। केंद्रीय कैबिनेट ने 2024-25 फसल वर्ष के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 285 रुपये की वृद्धि कर दी है। अब इसका एमएसपी 5,335 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है, जो उत्पादन लागत से 64.8 प्रतिशत अधिक है। पिछले 10 वर्षों में यह 122 प्रतिशत की वृद्धि है। वर्ष 2014-15 में कच्चे जूट का एमएसपी 2,400 रुपये प्रति क्विंटल था। केंद्र सरकार के इस फैसले से लगभग 40 लाख जूट किसानों को फायदा होगा।

# 'हर नागरिक को सरकार के फैसले की आलोचना करने का अधिकार'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की आलोचना करने वाले वाट्सएप स्टेटस के आधार पर एक प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज एफआइआर को रद करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को सरकार के किसी भी फैसले की आलोचना करने का अधिकार है। शीर्ष अदालत ने इसी के साथ बांबे हाई कोर्ट के आदेश को पलट दिया। शीर्ष कोर्ट ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देना एक सद्भावना संकेत है और इसे विभिनन्न धार्मिक समूहों के बीच वैमनस्य या शत्रुता घृणा या दुर्भावना की भावना पैदा करने वाला नहीं कहा



जा सकता है। प्रत्येक नागरिक को दूसरे देशों के नागरिकों को उनके स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने का अधिकार है। प्रोफेसर जावेद अहमद हजाम के खिलाफ कोल्हापुर के हटकनंगले पुलिस स्टेशन में आइपीसी की धारा 153 ए (सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। वाट्सएप पर हजाम ने लिखा था कि पांच अगस्त-काला दिवस जम्मू-कश्मीर, 14 अगस्त- हैप्पी इंडिपेंडेंस डे पाकिस्तान। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि पांच अगस्त को, जिस दिन जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया गया था, उसे काला दिवस के रूप में बताना विरोध और पीड़ा की अभिव्यक्ति है। शीर्ष कोर्ट ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देना एक सद्भावना संकेत है और इसे विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच वैमनस्य या शत्रुता, घृणा या दुर्भावना की भावना पैदा करने वाला नहीं कहा जा सकता है। प्रत्येक नागरिक को दूसरे देशों के नागरिकों को उनके स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने का अधिकार है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा- ''भारत का संविधान, अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत, वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। उक्त गारंटी के तहत, प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने समेत सरकार के हर फैसले की आलोचना करने का अधिकार है। उन्हें यह कहने का अधिकार है कि वह सरकार के किसी भी निर्णय से नाखुश हैं।

महिला सशक्तिकरण या शब्द ही न सिर्फ महिला की शक्ति उसके जुनून जज्बे और उसकी ताकत से परिचित कराता है अपितु हर एक नारी के उसे रूप से परिलक्षित करता है जिसमें वह शक्ति से परिपूर्ण है और अपनी क्षमता सामर्थ्य योग्यता सहित आज विश्व के हर देश में हर क्षेत्र में पुरुष से कहीं अधिक ज्यादा स्वयं को स्थापित कर चुकी है । नारी मां है ,बहन है ,पुत्री है , मित्र है , पत्नी है नारी हर एक रिश्ते में स्वयं में एक अथाह सागर है जिसे समझना उसके सामर्थ्य को उसके स्नेह को उसकी क्षमता को आंकना इस सृष्टि में किसी भी पुरुष के लिए संभव नहीं क्योंकि नारी ही जगत जननी है और इस जगत जननी के विभिन्न स्वरूपों में स्वयं को स्थापित करते हुए समाज में आज सक्रियता से कार्य कर रही है आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रयागराज क्षेत्र में विभिन्न विधाओं एवं विभिन्न कार्य एवं कर्म क्षेत्र में अपनी कौशल कला अपने ज्ञान अपनी क्षमता से स्वयं को स्थापित कर चुकी १५ मात्र शक्तियों को मातृशक्ति सम्मान से उनके चरण वंदन , नमन एवं उनके आशीर्वाद लेने के लिए चयनित किया गया । जिन्हें हमारी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनके श्री चरणों में सम्मान देकर उनसे आशीर्वाद ग्रहण करने का अवसर द जनरलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन को मिला । उक्त अवसर पर अपनी सशक्तता से स्वयं के हस्ताक्षर से समाज को विभूषित करने वाली उन १५ मातृशक्ति को हमारी संस्था बारंबार नमन करती है ,आज उन महान विभूतियां से परिचित कराने के लिए यह विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है आप सभी उन्हें जाने उनकी शक्ति को पहचाने तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने घर परिवार पास पड़ोस समाज में हर महिला का सम्मान करें इसी उद्देश्य के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष संस्कृति संस्था के अध्यक्ष जो कि जरूरतमंद बच्चों अनाथ व बुजुर्गों को कार्य करने के लिए जानी जाती है ऐसे पद पर रहकर परिवार की जिम्मेदारी निभाते हुए सामाजिक हितों में अपने उद्देश्यों अपने विचारों और अपने संकल्पों से स्वयं को स्थापित कर समाज हित में सदैव सक्रिय रहने वाली श्रीमती अनुरागिनी सिंह द्वारा कोविड के दौर में संस्कृति संस्था के माध्यम से प्रयागराज में पहला इंजेक्शन आम जनता को लगवाया था आपके द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम अंक भी निशुल्क लगाए जाते हैं ए आर पी होने के नाते निपुण बच्चों को अपनी तरफ से निपुण संस्था के माध्यम से निशुल्क टीशर्ट भी वितरित करती है अब तक 200 बच्चों को शिक्षित कर चुकी अनुरागिनी सिंह भारतीय नारी का सशक्त उदाहरण है एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आप के सशक्त हस्ताक्षर को हमारी संस्था प्रणाम करती है एवं आपको अनंत शुभकामनाएं देती है।।



अनुरागिनी सिंह
जिलाध्यक्ष उ0प्र0 महिला शिक्षक संघ, प्रयागराज को शिक्षा के क्षेत्र में आपके रचनात्मक कार्यो हेतु

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संस्कृति, साहित्य, संगीत एवं रचनात्मक क्षेत्र में एकमात्र ऐसा हस्ताक्षर जिन्होंने बहुत कम उम्र में अपनी कला अपने ज्ञान से सामाजिक क्षेत्र में भागीदारी कर स्वयं को स्थापित किया ऐसा सम्मानित और सशक्त नाम है डॉक्टर आकांक्षा पाल जी का जो कि वर्तमान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की इकाई सीएमपी डिग्री कॉलेज में संगीत प्रवक्ता के रूप में कार्यरत है आपने यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन की नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। साथ ही आपने इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि भी प्राप्त की है ,आप ने प्रयाग संगीत समिति से संगीत प्रवीण की उपाधि प्राप्त किया है तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोध प्रपत्र वाचन भी किया है आप नारी गुरुकुल,शहर समता सहित यमुना पार कलाकार संघ सहित कई सम्मानित संस्थानों में साहित्यिक कलात्मक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र को सक्रियता से प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है ।आपके देश भर में 35 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं, डॉक्टर आकांक्षा पाल जी द्वारा संगीत मंतव्य नामक पुस्तक भी प्रकाशित की गई है ।आप आकाशवाणी एवं दूरदर्शन प्रयागराज से चयनित कलाकार होने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांस्कृतिक क्षेत्र में सामाजिक कार्य कर रही है आपके विचारों आपकी लगन एवं आपकी कला को हमारी संस्था प्रणाम करती है एवं शत-शत नमन करते हुए आपको हार्दिक शुभकामनाएं देती है।



डॉक्टर आकांक्षा पाल
( संगीत शिक्षिका सी0एम0पी0 डीग्री कॉलेज प्रयागराज को संगीत ( गायन ) के क्षेत्र मे आपके रचनात्मक कार्यो हेतु।

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) देश के चौथे स्तंभ पत्रकारिता के क्षेत्र में डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से जिला मीडिया प्रभारी के रूप में कोविड के दौर में समाज के विभिन्न वर्गों को जागरुक करते हुए विगत 3 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में खुद को स्थापित कर कल्पना शर्मा जी ने प्रयागराज में एक नई पहचान बनाई है आपके विचारों आपके संकल्प की सराहना करते हुए हमारी संस्था आपको सम्मानित करते हुए गौरवान्वित महसूस करती है।



कल्पना शर्मा
( जिला सोशल मीडिया प्रभारी महानगर, प्रयागराज )

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) सामाजिक साहित्यिक कलात्मक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में महिलाओं की मौजूदगी तो हम सब ने देखी और सुनी है परंतु प्रशासनिक सेवा में स्वयं को मजबूती से पेश करना एवं स्थापित करना किसी महिला के लिए कितना चुनौती पूर्ण है एवं सफलता को जिसने अपने गले लगाया है ऐसा सम्मानित नाम है आबकारी ऑफिसर प्रियंका मिश्रा जी का। प्रियंका मिश्रा जी जिन्हें बचपन से ही आईएएस बनने का शौक था और प्रथम परीक्षा में ही पीसीएस उत्तीर्ण कर आज आबकारी विभाग जैसे चुनौतीपूर्ण विभाग में एक दबंग महिला अधिकारी के रूप में कार्य कर आप प्रदेश में जानी पहचानी जाती हैं साथ ही आप मानवता से लबरेज एवं समाज में अपने स्नेह से महिलाओं बच्चों एवं हर जरूरतमंद के लिए सदैव खड़ी रहने वाली प्रियंका मिश्रा जी संगीत की भी पारखी है गायन, नृत्य एवं जीने की हर कला को मदमस्त अंदाज में खुशी से जीने वाली प्रियंका मिश्रा आपके जज्बे आपके हौसले आपका जुनून और आपके जीने की कला को हमारी संस्था शत-शत नमन करती है एवं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है



प्रियंका मिश्रा ( आबकारी इंस्पेक्टर उ0प्र0 एक्साइज विभाग को प्रशासनिक सेवा क्षेत्र में आपके रचनात्मक कार्यो हेतु

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) नारी सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है श्रीमती पूनम सिंह जिन्होंने भावनी वेलफेयर सोसाइटी प्रयागराज में सचिव के पद पर रहते हुए दिव्यांग बच्चों हेतु भाविनी डे केयर नाम से 2005 से सदैव सेवा एवं सामाजिक कार्य कर रही है दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ भी शिक्षित किए जाने का पूरा श्रेय पूनम सिंह को जाता है इनका उद्देश्य दिव्यांग बच्चे भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके इसलिए वोकेशनल ट्रेनिंग देकर इन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य श्रीमती पूनम सिंह द्वारा किया जा रहा है आपके जब्बे आपके साहस और दिव्यांग बच्चों को जीने की नई राह देने के संकल्प को हमारी संस्था शत-शत नमन करती है एवं आप के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



पूनम सिंह ( सचिव भाविनी वेलफेयर सोयायटी, प्रयागराज को समाज सेवा मे क्षेत्र में आपके रचनात्मक कार्यो हेतु

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) श्रीमती शिवानी गोस्वामी जी ने आठ वर्ष पूर्व समाज के हर एक प्राणी को राहत देने के उद्देश्य से राहत संस्था का प्रारंभ किया जो कि आज समाज में एक नई ज्योति जलाकर महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है ।राहत संस्था की निदेशिका शिवानी गोस्वामी के द्वारा वृद्ध आश्रम एवं अनाथ आश्रम सहित सामाजिक क्षेत्र में सामाजिक कार्य कर कन्या विवाह में सदैव से सक्रियता से भागीदारी निभाई आपकी संस्था एवं आपके विचारों को प्रणाम करते हुए डी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन आपको शुभकामनाएं देते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस करता है।



शिवानीगोस्वामी
( निदेशक राहत फाउंडेशन, प्रयागराज )

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) स्त्री के कई स्वरूप होते हैं जिसे चारितार्थ किया अनुराधा सुंदरम जी ने । बचपन से संघर्षों के दौर में जीवन यापन करने के पश्चात उम्र किसी प्रतिभा की मोहताज नहीं होती इसे चारितार्थ करने वाली अनुराधा सुंदरम जी ने चौवन वर्ष की उम्र में अपने बचपन के शौक बैडमिंटन के क्षेत्र में कदम रखा एवं वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में इनका चयन हुआ ।अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय के रूप में मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए कार्यरत अनुराधा सुंदरम जी निशुल्क सलाह देने के लिए जानी जाती है माननीय उच्च न्यायालय में अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता के पद पर कार्यरत अनुराधा सुंदरम जी को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई देता है द जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन और आपके चरणों में वंदन एवं नमन करता है।



अनुराधा सुंदरम
( एडीशनल चीफ स्टैडिंग काउन्सिल हाईकोर्ट, इलाहाबाद )

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) साहित्य ,कला, खेल, न्याय विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने अपने हस्ताक्षर कर स्वयं को स्थापित किया है लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र जहां पुरुषों का वर्चस्व है उन क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी वास्तव में काबिले तारीफ है इस कड़ी में प्रयागराज की ऐसी उभरती हुई महिला उद्यमी जिन्होंने खुद के जज्बे, जुनून और हिम्मत की बदौलत एमबीए मार्केटिंग से कर खुद को रियल एस्टेट के क्षेत्र में स्थापित कर प्रयागराज की रियल एस्टेट इंडस्ट्री में अपनी मौजूदगी से स्वयं का लोहा मनवाने को समाज को मजबूर दूर किया। दिलेर स्वभाव एवं आत्मविश्वास से लबरेज शिवा त्रिपाठी कॉफी अड्डा संस्थान की निदेशिका के साथ-साथ निजी रूप से युवा महिला उद्यमी के रूप में प्रयागराज में जानी जाती हैं। आपके साहस को शत-शत नमन करते हुए डी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन आपको हार्दिक शुभकामनाएं देता है



शिवा त्रिपाठी
( निदेशक संगम ट्रेडर्स )

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) हिंदी साहित्य का प्रयागराज की धरती से सदैव का रिश्ता रहा है बदलते दौर में भोजपुरी समाज ने अपनी भाषा के माध्यम से प्रयागराज की वास्तविक मूल भाषा को बुंदेलखंडी और खड़ी बोली के साथ खिचड़ी का स्वरूप दे दिया था विगत कुछ समय से पुनः अवधी भाषा के पुनर्जागरण का प्रयास रंगमंच कलाकारों तथा संस्थाओं एवं सरकारी योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है इस कड़ी में प्रसार भारती के पंचायत घर कार्यक्रम की पहली महिला कंपेयर के रूप में प्रयागराज का गौरव बढ़ाने वाली अवध की माटी की खुशबू को श्रोताओं तक पहुंचने वाली राधा के नाम से मशहूर श्वेता श्रीवास्तव मीडिया की पढ़ाई तथा बी एड की पढ़ाई करने के बाद आज उद्घोषिका एवं कंपेयर के रूप में प्रसार भारती में कार्यरत है। कैंसर जैसी बीमारी से लड़कर पुनः समाज में स्वयं को स्थापित कर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए सदैव सक्रियता से साहित्य कला एवं संस्कृति को बढ़ावा दे रही है आपके बहुमुखी प्रतिभा के लिए तथा सामाजिक उद्देश्य में आपके उद्देश्यों को प्रणाम करते हुए हमारी संस्था खुद को अभिभूत महसूस करती है।



श्वेता श्रीवास्तव
कम्पेयर - प्रसार भरती, भरत सरकार

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) सोल्जर डिफेंस एकेडमी की प्रबंध निदेशिका श्रीमती नीता भारद्वाज अपनी संस्था के माध्यम से छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास जागृत कर समाज हित में विगत कई वर्षों से सक्रियता से कार्य कर रही है श्रीमती नीता ने शिक्षा तथा जरूरतमंद लोगों के लिए अपनी संस्था के माध्यम से कई जागरूकता शिविर तथा निशुल्क शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध कराने का कार्य किया है आप जैसी नारी शक्तियों को हमारी संस्था का बारंबार प्रणाम।




नीता भारद्वाज

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) प्रयागराज जिले में कई संगठनों एवं संस्थानों में सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण पदों पर रहकर पारिवारिक जिम्मेदारियां को देखते हुए समाज में सक्रियता से भागीदारी निभाते हुए अनीता सोनकर जी ए आर पी नगर क्षेत्र प्रयागराज के पद पर कार्यरत होकर आरपी संघ में महामंत्री के रूप में सदैव जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए जानी जाती है आपके निस्वार्थ सामाजिक सेवा के भाव को हम प्रणाम करते हैं और संस्था आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



अनीता सोनकर

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) आज के दौर में समाज की हर विधा में नारी सशक्त रूप से स्वयं का हस्ताक्षर कर चुकी है इसी कड़ी में चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयागराज की जानी-मानी दंत चिकित्सिका डॉ नम्रता जयसवाल जी का नाम सर्वोपरि है आज के दौर में दांत की बीमारी काफी महंगी मानी जाती है डॉक्टर साहिबा सदैव अपने व्यवहार एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रियता से कुशल कार्य कर जरूरतमंदों के लिए निशुल्क दंत चिकित्सा जागरूकता कार्यक्रम दवा वितरण तथा इलाज मुहैया कराती हैं डॉक्टर नम्रता जायसवाल जी आज के समाज में ऐसी प्रेरणा है जिन्हें हमारी संस्था वंदन एवं नमन करती है तथा हार्दिक शुभकामनाएं देती है कि आप ऐसे ही समाज में सक्रियता से भागीदारी निभाती रहे



डॉ नम्रता जायसवाल
( चिकित्सिका बी0डी0स0, एम0आई0डी0ए0, पी0जी0डी0आ0 ,एक्स जमनियर के0जे0एम0सी0 ( लखनऊ )

( आधुनिक समाचार नेटर्वक ) प्रयागराज के जाने-माने शिक्षण संस्थान दिव्याभा गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज में वर्ष 1997 से प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रुचि राय जी एक सामाजिक सेविका है तथा शिक्षा के क्षेत्र में सदैव सक्रियता से अलख जगाकर समाज हित में अपना योगदान दे रही हैं ,निर्धन बच्चों को शिक्षा की बात हो या जरूरतमंदों को पुस्तक वितरण का कार्य हो किसी भी प्रकार से कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो पाए यह रूचि राय जी का उद्देश्य है रुचि राय जी को तीन बार जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उत्तम कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर द जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन आपके चरणों में बारंबार नमन करता है एवं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



रुचि राय
( प्रधानाचार्य दिव्याना इण्टरकालेज,प्रयागराज )





स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 ( उ.प्र. ) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

प्रोफाइल संकलन प्रियांशु श्रीवास्तव एवं श्वेता गुप्ता